# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 180 बैकुण्ठपुर, शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# प्रेम और सौहार्द्र से होगी सरगुजा व पूरे प्रदेश की उन्नति: बघेल

## कहा-यादव समाज का इतिहास में रहा बड़ा योगदान, समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपये देने की घोषणा

**मुख्यमंत्री सर्व यादव समाज के स्वाभिमान सम्मेलन में हुए शामिल**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को कला केंद्र मैदान, अंबिकापुर में सर्व यादव समाज द्वारा आयोजित स्वाभिमान महासम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर समाज प्रमुखों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश के जनता की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सरगुजा में श्वेत क्रांति को बढ़ावा देते हुए दुग्ध प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना करने की घोषणा की, जिससे दुग्ध व्यापार को प्रोत्साहन मिले। साथ ही उन्होंने यादव समाज के भवन हेतु 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। वनाधिकार पट्टा की मांग पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप पात्रता का परीक्षण करते हुए शत-प्रतिशत पट्टा देने के निर्देश दिए। इसके पहले स्वाभिमान सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव शामिल हुए। इस मौके पर भारत सरकार के मंत्री भूपेंद्र यादव के आभार पत्र का वाचन सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने किया, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थिति नहीं होने का कारण स्पष्ट किया था। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्व यादव समाज सरगुजा के द्वारा आयोजित विशाल स्वाभिमान सम्मेलन के भव्य आयोजन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व यादव समाज का इतिहास में बड़ा योगदान रहा है। भगवान श्री कृष्ण जिन्होंने गीता जैसा महान ग्रंथ इस दुनिया को दिया है, यादव समाज उनका वंशज है। उन्होंने कहा कि प्रेम और सौहार्द्र से सरगुजा व पूरे प्रदेश की उन्नति, प्रगति होगी, इसमें सहयोग बना रहे। छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि और प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा हमने इस वर्ष फैसला किया है कि समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 20 क्विंटल प्रति एकड़ दी जाएगी। यादव समाज गौ-माता के सेवक रहे हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ शासन भी गोधन न्याय योजना और नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी जैसी योजनाओं के माध्यम से गौ सेवा कर रही है। इन योजनाओं से गौपालकों को भी फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा सरगुजा से तीन मंत्री हमने दिया, जिससे हर क्षेत्र में परिवर्तन आया है, इसे पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा यादव समाज भी कई वर्षों से जंगलों तक बसाहट है, जिस तरह आदिवासी समुदाय जल, जंगल और जमीन से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने यादव रेजीमेंट की स्थापना के लिए अपना समर्थन दिया। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि यादव समाज का नाम लेते ही सीधे, सरल व्यक्तित्व की याद आती है। उन्होंने कहा आदिवासी और यादव समाज में बेहद समानता है, दोनों ही वनों से जुड़े हुए हैं। आदिकाल की बात हो या आज की, हमेशा से इन्होंने अपना लोहा मनवाया है। यादव व आदिवासियों का चोली-दामन का साथ रहा है। उन्होंने कहा इतिहास लिखने का ताकत है, तो यादवों में है। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कुछ बताना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। हर समाज व सामाजिक संरचना के बारे में उन्हें जानकारी है। इसके बाद उन्होंने सर्व यादव समाज की मांगों पर प्रकाश डाला और तत्संबंध में मंच पर मांगपत्र सौंपा। मंचासीन विष्णु यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा चुनाव में तीन सीट यादव समाज को दिया था, जिसमें सभी ने जीत दर्ज की। कांग्रेस ने जिस तरह दिल बड़ा किया, उसी तरह बीजेपी भी समाज के लिए बड़ा दिल लेकर आगे आए। झारखंड से आए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बजरंगी यादव ने कहा कि यदुवंशी संघर्ष का इतिहास रहा है। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरिता यादव, सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक एवं सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, गौ-सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव, तेलघानी बोर्ड के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, मदरसा बोर्ड के सदस्य इरफान सिद्दीकी, अपेक्स बैंक के संचालक अजय बंसल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के सदस्य अरविंद गुप्ता, कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुद्दीन इराकी, आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, यादव समाज के संभागीय अध्यक्ष देव नारायण यादव सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### यादव समाज को एक सीट दे दिया जाए-सिंहदेव

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्थानीय बोली में अपनी बातों को रखते हुए कहा कि हमर परिवार के बहुत करीब यदुवंशी हैं। सरगुजा की उन्नति में हमेशा से ही यादव समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई पीढ़ी से यादव समाज यहां बसा हुआ है और उन्होंने अपने कार्यों से समाज की सेवा की है। वन भूमि के पट्टा की मांग पर उन्होंने कहा वन विभाग को उनका जायज अधिकार देना होगा। सिंहदेव ने कहा सरगुजा संभाग में पांच जनरल सीट हैं, यदु समाज की मांग के अनुसार यदि एक सीट उन्हें दे दिया जाए, तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। यादव समाज ने हर पार्टी से छत्तीसगढ़ में पांच विधानसभा सीट की मांग रखी है। उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल में यादव समाज की ओर से खड़ा किए गए युवा विधायक प्रत्याशियों के कामकाज को सराहा।

### भाजपा ने यादव समाज से पहला मंत्री व सांसद बनाया-साव



सर्व यादव समाज के स्वाभिमान सम्मेलन के प्रथम सत्र में पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने कहा पूरे देश में यदुवंशियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को स्मरण करते हुए कहा कि वे प्रेम और युद्ध दोनों के देवता रहे। उन्होंने यादव समाज को हिंदुत्व, सनातन के रक्षक और गौ वंश के संरक्षक की संज्ञा दी। श्री साव ने कहा भाजपा ने यादव समाज से पहला मंत्री व सांसद बनाया और कहा कि समाज आगे बढ़े, इसके लिए वे काम करेंगे। इस दौरान सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु द्वारा प्रदेश में पांच व सरगुजा से एक विस सीट पर यादव समाज की दावेदारी की मांग की गई, जिस पर उन्होंने कहा उनकी बातों को वे आगे बढ़ाएंगे।

### एक भी नहीं बने मंत्री- जगदीश यादव

दिल्ली से आए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जगदीश यादव ने अपने उद्बोधन में सर्व यादव समाज के स्वाभिमान सम्मेलन को यादव समाज के महापंचायत की संज्ञा दी और कहा समाज की आन-बान-शान को कायम रखने वालों का हक कोई नहीं छीनता। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ यादव समाज के युवाओं को विधानसभा चुनाव में तीन टिकट दिए, तीनों ने जीत दी, लेकिन आपने इन्हें सेवक बनाकर रखा, मंत्री नहीं बनाया।

### जातिगत जनगणना पर जोर दिया मुख्यमंत्री ने

मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला राजभवन में अटका है। हमारे नेता राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे ने जातिगत जनगणना की बात कही है। रमेश यदु ने कहा कि सरगुजा में हमारे समाज के तीन लाख से साढ़े तीन लाख लोग हैं, उस हिसाब से हमें भागीदारी चाहिए। यदि जातिगत जनगणना हो जाएगी, तो किसी को दावा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए, जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। भारत सरकार जातिगत जनगणना को आगे नहीं बढ़ा रही है। आरक्षण को लेकर उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा सभी वर्ग के लिए की गई घोषणाओं का भी जिक्र किया।

## नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का लोकार्पण



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का लोकार्पण किया। ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण हेतु वर्ष 2018 में 10.41 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लोकार्पण संपन्न हुआ। ट्रांजिट हॉस्टल जी-3 भवन है। इस ट्रांजिट हॉस्टल में कुल 54 कमरे हैं। ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण से स्थानांतरण पश्चात अंबिकापुर आने वाले शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को शहर के बीचों-बीच सर्वसुविधायुक्त आवास की सुविधा मिलेगी।

## सरपंचों ने आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के लिए दिया धन्यवाद




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जिले के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे सरपंचों ने मुलाकात की। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 439 ग्राम पंचायतों को प्रथम किश्त के पांच हजार रुपये प्रति ग्राम पंचायत के दर से 21 लाख 95 हजार रुपये की राशि प्रदान की है, इस हेतु सभी सरपंचों ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हराटिकरा की सरपंच अमृता पैंकरा, ग्राम पंचायत मेंड्राखुर्द के सरपंच बुंदेला राम सोनपाकर ने आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के तहत अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों में जनजातियों के उत्सवों, त्यौहारों के मेला, मड़ई, जात्रा पर्व, सरना पूजा, देवगुड़ी, नवाखाई, छेरछेरा, अक्ती, हरेली आदि उत्सवों, त्यौहारों, संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष 10 हजार रुपये की अनुदान राशि दो किश्तों में जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि का उद्देश्य आदिवासियों के तीज त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करना एवं इन त्यौहारों, उत्सवों को मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन करना है।

# पीजी कॉलेज के प्राचार्य सह क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा का नहीं छूटा कुर्सी मोह

**वित्तीय अनियमितता और आदिवासी कर्मचारी के साथ अभद्रता की हुई थी शिकायत**

**निलंबन होने के बाद प्रोफेसरों और कर्मचारियों की बैठक ली और छुट्टी लेकर निकल लिए**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में सबसे बड़े राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सुर्खियों में रहे प्राचार्य व क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग डॉ. एसएस अग्रवाल को छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के अवर सचिव आरए निर्मलकर ने निलंबित कर दिया है। निलंबन की खबर महाविद्यालय तक पहुंचने के बाद उन्होंने प्रोफेसर व कर्मचारियों की बैठक ली और आकस्मिक अवकाश में चले गए। इसे कुर्सी बचाने के प्रयास से जोड़कर देखा जाए, तो कोई अतिशियोक्ति नहीं होगी।

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए निलंबन आदेश में उल्लेखित किया गया है कि डॉ.एसएस अग्रवाल, क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच सत्य पाए जाने, समय-समय पर दिए निर्देशों की अवहेलना करने, अनुचित वित्तीय लाभ, आचरण नियमों के विरूद्ध कार्य करने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ता की पात्रता होगी। बता दें डॉ. एसएस अग्रवाल पूर्व में जब राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में प्रोफेसर के पदीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे, उस दौरान गंभीर आरोप को लेकर सुर्खियों में आए। प्रोफेसर की गरिमा को ताक पर रखते हुए सामने आए कृत्य से शिक्षा के पवित्र मंदिर को शर्मशार करने जैसी स्थिति बन गई थी। महाविद्यालय में प्राचार्य सह क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग का पदीय दायित्व मिलने के बाद भी वे अपनी चाल पर चलते रहे, इसकी उच्च शिक्षा विभाग में शिकायत एक कर्मचारी ने की थी। इन पर वित्तीय अनियमितता और आदिवासी कर्मचारी से अभद्रता का आरोप लगा था, जिस पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

### पदमुक्त होने के बजाए लिया आकस्मिक अवकाश

प्राचार्य सह क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा का निलंबन आदेश 19 अप्रैल को उच्च शिक्षा विभाग ने जारी कर दिया गया था। इसकी सूचना महाविद्यालय तक पहुंचने के बाद भी उन्होंने उक्त तिथि को शाम पांच बजे प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। देखा जाए तो शासनादेश के परिपालन में उन्हें तत्काल उक्त गरिमामयी पद से पृथक होकर शासनादेश के परिपालन में निलंबित अवधि में मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर में उपस्थिति दर्ज करानी थी, लेकिन वे आकस्मिक अवकाश लेकर निकल लिए।


**एजेंसी देना है**

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

**में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।**

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9713108088


# सरगुजा जिले में कोविड के 225 एक्टिव केस, गुरूवार को 60 पॉजीटिव मिले

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में कोविड के एक्टिव केस की संख्या गुरूवार की स्थिति में 225 है। अंबिकापुर शहरी क्षेत्र सहित जिले में गुरूवार को 60 केस पाए गए हैं, ऐसे में कोविड संक्रमितों की कुल संख्या 295 पहुंच गई हैं। अस्पताल में भर्ती पॉजिटिव मरीजों में से तीन डिस्चार्ज किए गए हैं। होम आइसोलेशन में 66 लोगों का उपचार पूरा हो गया है। इस प्रकार रिकवर, डिस्चार्ज और होम आइसोलेशन में उपचार का लाभ लिए लोगों की संख्या 69 है, जो पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो चुके हैं। 20 अप्रैल की स्थिति में एक संक्रमित की मौत हुई है। बता दें कि अंबिकापुर शहरी क्षेत्र से अब तक कुल 201, अंबिकापुर ग्रामीण से 21, बतौली ब्लॉक से 03, लखनपुर क्षेत्र से 29, लुंड्रा से 05, मैनपाट से 09, उदयपुर से 19, सीतापुर से 08 पॉजीटिव केस सामने आए हैं। बता दें कि कोराना की हलचल के बाद जिले में जांच प्रक्रिया में तेजी आई है। गुरूवार को कुल 589 सैंपल लिए गए, वहीं 10 अप्रैल से अब तक कुल 2951 सेंपल लिए गए हैं।

# चाकू की नोक पेट के आंत तक पहुंची, चिकित्सकों की टीम ने बचाई जान

**पैरा में आग लगाने का विरोध करने पर पड़ोसी ने पेट में घोंपा चाकू**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** पड़ोसी ने पहले पैरा में आग लगाया, विरोध करने पर युवक के पेट में चाकू से वार कर दिया। चाकू की नोक पेट के आंत तक पहुंच जाने से युवक गंभीर हो गया, उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने चार घंटे ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। जख्म छोटी आंत तक पहुंचने के कारण युवक की स्थिति अभी भी गंभीर है। आईसीयू में युवक का उपचार चल रहा है।



जानकारी के अनुसार देव प्रकाश 22 वर्ष भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामनगर का रहने वाला है। इसके पैरावट में गांव के ही बसंत ने मंगलवार को आग लगा दी थी। आग लगाने की बात को लेकर देव प्रकाश व बसंत के बीच विवाद हुआ था। विवाद में बसंत ने देव प्रकाश के पेट में चाकू घोंप दिया, जिसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। चाकू आंत तक पहुंचने के कारण काफी रक्तस्राव हुआ था। स्वजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां सर्जन डॉ. अभिषेक दीवान, डॉ. अर्जुन जायसवाल, डॉ. दिव्या की टीम ने चार घंटे ऑपरेशन कर युवक की जान बचाई।

# बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे स्पा सेंटरों को पुलिस ने कराया बंद

**कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक शोषण अधिनियम का पालन नहीं**

**वैधानिक नोटिस थमाया पुलिस ने, मामला श्रम विभाग व नगर निगम को सौंपा**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शहर में संचालित स्पा सेंटरों को पुलिस ने वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर बंद करा दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली व गांधीनगर थाना क्षेत्र में संचालित किए जा रहे तीन स्पा सेंटरों पर सरगुजा पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। इन सेंटरो में एक दर्जन बाहरी युवतियां काम करते मिलीं जो दूसरे प्रदेशों से आई थी। स्पा संचालकों को कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक शोषण अधिनियम के तहत नोटिस जारी करने के साथ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए मामले को श्रम विभाग एवं नगर निगम को सौंप दिया गया है।

शहर में संचालित स्पा सेंटरों के गलत तरीके से संचालन की शिकायत पुलिस अधिकारियों को मिली थी। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने इसे संज्ञान में लिया और एक विशेष टीम का गठन कर स्पा सेंटरों के वैध लाइसेंस, कार्यस्थल पर महिला लैंगिक शोषण अधिनियम के तहत नियमों के पालन की जांच हेतु दिशा-निर्देश पुलिस टीम को दिए गए थे। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम द्वारा गांधीनगर थाना क्षेत्र में स्थित 01 स्पा सेंटर एवं थाना कोतवाली अंतर्गत 02 स्पा सेंटरों में औचक दबिश देकर जांच की गई। स्पा सेंटरो के संचालन के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर तत्काल संचालकों को अस्थाई रूप से स्पा सेंटर बंद करने के निर्देश दिए गए। कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक शोषण अधिनियम के तहत नियमों का पालन नहीं होने पर स्पा संचालकों को वैधानिक नोटिस दिया गया है। स्पा सेंटरों में कार्यरत महिला कर्मचारियों से स्पा सेंटर के संबंध में पुलिस ने गहन पूछताछ की और इन्हें वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पा सेंटर के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। स्पा सेंटर संचालन के संबंध में वैध लाइसेंस नहीं प्रस्तुत किए जाने पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए श्रम विभाग एवं नगर निगम को सूचित किया गया है। कार्रवाई में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे, निरीक्षक अंजू चेलक, उप निरीक्षक अनीता आयाम एवं पुलिस टीम शामिल रही।

# और अधिक हर्षोल्लास से मनेगें तीज-त्यौहार, युवा पीढ़ी लोक संस्कृति से होंगे परिचित : डॉ. टेकाम

**★ मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना की हुई शुरुआत**
**★ स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम एवं कलेक्टर वर्चुअल रूप से हुए शामिल**

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में अनुसूचित क्षेत्र के लिए प्रारम्भ किये गए मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के तर्ज पर राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किया। वाड्रफनगर जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय टेकाम एवं कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. इस योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसा का सम्मेलन कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किए थे। इन योजनाओं का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पारंपरिक तीज त्यौहारों, मड़ई मेलों का गरिमामयी आयोजन एवं उनका संरक्षण करना और आने वाली पीढ़ी को छत्तीसगढ़ी संस्कृति की गौरवमयी परंपरा से अवगत कराना है। इन योजनाओं की इकाई ग्राम पंचायत होगी और तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत को 10 हजार रूपये की राशि 5-5 हजार की दो किश्तों मे जारी किए जाएगें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और






विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वों पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। उन्होंने कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी-तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लोक-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ही देवगुड़ियों और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है। इस योजना के शुभारंभ अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का समस्त आदिवासी समाज की ओर से धन्यवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार राज्य के लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में यह योजना राज्य के पारंपरिक त्यौहारों, रीति-रिवाजों और लोक संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के कारण समस्त आदिवासी समाज सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में फसलों के रोपाई, उसके पकने और उसकी कटाई तक सभी स्तरों पर विभिन्न त्योहारों को मनाते हैं इस सम्मान निधि के प्राप्त होने पर अब समस्त आदिवासी भाई-बहन मिल-जुलकर और अधिक हर्षोल्लास से अपने इन त्यौहारों का आयोजन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिए राज्य के युवा अपनी लोक संस्कृति की गरिमा से भी परिचित होंगे। इस अवसर पर श्री टेकाम ने समस्त आदिवासी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत बसंतपुर के सरपंच श्री रामवृक्ष जगते से योजना के संबंध में पूछने पर श्री जगते ने कहा कि प्रदेश में निवासरत आदिवासियो के रीति रिवाज और परंपरा को संरक्षित करने में यह ऐतिहासिक कदम है। आने वाली पीढ़ियों को संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने में मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि मिलने वाली सम्मान राशि से ग्रामवासी हर्षोल्लास के साथ त्यौहार का आयोजन कर सकेंगे।

छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना राज्य के 61 विकासखंडों के 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। मुख्यमंत्री ने पहली किश्त के रूप में आज योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि जारी की गई।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दीपक निकुंज, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला श्यामले, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री अमित यादव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रमोद सिंह, तहसीलदार श्री राजीव जेम्स कुजूर सहित अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध तरीके से सुरक्षा अधिकारी घूम रहे पीली बत्ती वाहन में

**संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करने से खड़े हो रहे कई सवाल**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** मंत्री विधायकों के अलावे बड़े अधिकारियों की पीली बत्ती गुल हो गई है लेकिन यहां एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी के वाहन में पीली बत्ती होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

यह माजरा लंबे समय से क्षेत्रवासियों को देखने मिल रहा है। बावजूद इसके संबंधित के अधिकारियों द्वारा अब तक उक्त मामले में कोई कार्रवाई न किया जाना कई सवाल खड़े कर रहे हैं। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार मंत्रियों के अलावे सभी आला अधिकारियों के वाहनों से लाल बत्ती व पीली बत्ती वर्षों पूर्व गुल कर दी गई है, बावजूद इसके एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी की बोलेरो में लंबे अरसे से पीली बत्ती लगाकर वाहन चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा अपनी वाहन में पीली बत्ती लगाकर किस अधिकार के तहत घूम रहे हैं यह समझ से परे है। लोगों कहना है कि आमलोग यदि थोड़ा भी यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर दी जाती है लेकिन जिम्मेदार पद पर बैठे उक्त अधिकारी द्वारा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाए जाने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, यह बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं। इस संबंध में सूरजपुर जिले के यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने बताया कि उक्त मामले में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली थी। यदि ऐसा है तो जल्द ही उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में उचित कार्रवाई की जाएगी।




# कलेक्टर एवं जिपं सभा कक्ष में डाटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में एंट्री करने प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इफ्फत आरा के निर्देश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों की डाटा एंट्री, कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर (PPES-Polling Personnel Entry Software) में किये जाने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्टर एवं जिपं सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। इसके लिए जिला अंतर्गत आने वाले सभी विभाग, कार्यालयों की शत-प्रतिशत डाटा एंट्री माह अप्रैल से अंतिम सप्ताह तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिसमें नियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर दर, तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की डेटा एंट्री भी होनी है। कलेक्टर सभाकक्ष में डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर के संबंध में प्रेमचंद सोनी जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने जिला अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। वही जिला पंचायत सभाकक्ष में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सहायक प्रोग्रामर उमेश सिंह आयम ने पीपीईएस सॉफ्टवेयर वर्जन 3.6 में कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सिस्टम में मास्टर कार्यालय, कार्यालय में पदनाम, वेतनमान, कार्यालय की जानकारी, विभागवार कार्यालय की जानकारी, कर्मचार डेटा एन्ट्री, डेटा एडिट, कार्यालय की जानकारी का सत्यापन, ईपिक सत्यापन, मोबाइल सत्यापन तथा अधिकारी कर्मचारियों की सर्विस बुक के अनुसार नाम, जन्मतिथि, गृह जिला तथा कार्यालय में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो दिव्यांग या निःशक्त है उनका दिव्यांग, निःशक्तता प्रमाण पत्रों की सही जानकारी देने के लिए बताया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को चेक लिस्ट से मिलान करने के पश्चात् ही सॉफ्टवेयर अद्यतन करने कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलें के विभिन्न विभाग, कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सुभाष सदस्य नियुक्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गठन कर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी सुभाष गोयल को परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। सरकार के विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी के द्वारा जारी आदेश में राज्य सरकार द्वारा नामांकित उपभोक्ता संगठनों सहित सक्रिय उपभोक्ता कार्यकर्ता में कृषि, व्यापार व उद्योग से संबंधित प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें नगर के सुभाष गोयल को उद्योग प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित सदस्यों की सूची में सात सदस्य शामिल किए गए हैं। जो राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के कार्य संचालन सहित परिषद की बैठकों के साथ राज्य व जिला उपभोक्ता संरक्षण के प्रावधान के तहत कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त परिषद के अध्यक्ष खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री अमरजीत भगत हैं व सदस्य सचिव विभाग के सचिव हैं। उसके साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं वाणिज्य, कृषि, समाज कल्याण, राज्य विद्युत वितरण



कम्पनी, भारतीय बीमा विनियमक प्राधिकरण, लीड बैंग, व्यापारिक संगठन, दूर संचार विभाग, उपभोक्ता विवाद आयोग के शासकीय प्रतिनिधि उक्त परिषद के सदस्य होते हैं। श्री गोयल की नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है।राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद में उद्योग प्रतिनिधि के रूप में राज्य स्तरीय परिषद में शामिल हुए सुभाष (सुरेश) गोयल ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, वे उसका पूर्णतः ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। परिषद के कार्यों के साथ परिषद का लाभ सरगुजा अंचल के लोगों को मिले इसके लिए वे प्रयासरत रहेंगे। खाद्य मंत्री श्री भगत के निर्देश पर सरगुजा संभाग के साथ पूरे प्रदेश में नवगठित राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के कार्य आने वाले समय में दिखेंगे। नवनियुक्त सदस्य श्री गोयल ने बताया कि राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद में एक करोड़ रूपए तक के मामले जिला स्तर पर व एक करोड़ से दस करोड़ तक के मामले राज्य स्तरीय समिति के समक्ष आते हैं। उससे ऊपर के मामले राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद सुनती है। उपभोक्ता संरक्षण जुड़े मामले में यह परिषद काफी महत्वपूर्ण व प्रभावशाली होती है। उपबीजोक्ताओं के मामलों में राज्य स्तरीय परिषद के फैसले भी महत्वपूर्ण होते हैं और कमेटी को इस दौरान संवैधानिक रूप से काफी शक्तियां भी निहित होती है।

# केबल तार चोरी मामले में एक गिरफ्तार, 5 हजार का तार जप्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** ग्राम बड़सरा झिलमिली के दिनेश कुशवाहा ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 अप्रैल के दोपहर में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कैम्पस के अंदर में लगा समर सिबल पम्प का केबल तार करीब 80 फीट को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर धारा 454, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर संदेही फुकुलुस खेस को पकड़ा जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी को अंजाम देना और चोरी के केबल तार को जला कर तांबा का बण्डल बनाना बताया। आरोपी फुकुलुस खेस 25 वर्ष निवासी जेलपारा सूरजपुर के निशानदेही पर केबल तार का तांबा तार कीमत करीब 5 हजार रूपये का जप्त उसे गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर व उनकी टीम सक्रिय रही।



# बेरोजगारी भत्ता दिलाने गांवों में पुनः प्रचार-प्रसार एवं मुनादी कराये : कलेक्टर

**★ समय-सीमा की बैठक संपन्न ★ आदर्श ग्रामों में मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के दिये निर्देश ★ अधिकारी मतदान से पूर्व सभी तैयारी करें पूर्ण : कलेक्टर**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण और निराकृत हो चुके प्रकरणों को टीएल सूची से विलोपित कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन की प्रगति एवं वन अधिकार अधिनियम के तहत जिले के आदर्श ग्रामों की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों का सत्यापन करने के निर्देश देते हुए ऑनलाइन भरे जा रहे आवेदनों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद स्तर पर तथा क्लस्टर स्तर पर प्रतिदिन आवेदनों की प्रगति लेने के निर्देश दिये। 12 वीं पास शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिलाने के लिए पुनः प्रचार-प्रसार एवं ग्राम पंचायतों में मुनादी कराने के निर्देश जनपद सीईओ दिये।

उन्होंने जिले के ग्रामीणों सहित नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए कहा कि यह योजना मजदूरों को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने के लिए बनायी गयी है। इस योजना का लाभ ऐसे परिवारों को पहुंचाना है जिनका आय का साधन मजदूरी के अलावा कुछ भी नहीं है। इनमें वे परिवार भी शामिल है जिनके पास खेती के लिए जमीन नहीं है और वे मनरेगा या कृषि मजदूरी से जुड़े है। शहरी क्षेत्रों में बैगा, गुनिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पण्डो जनजाति के लोगों से आवेदन मंगाने के निर्देष दिये। उन्होने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को निर्देशित करते हुए कहा है कि डाटा एंट्री के दौरान अधिकारी कर्मचारी सर्विस बुक के अनुसार नाम, जन्मतिथि, गृह जिला तथा कार्यालय में दिव्यांग या निशक्त कर्मचारी यदि हो तो उनका प्रमाण प्रत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, चेक लिस्ट से मिलान कर डाटा अद्यतन करने के निर्देश दिये।





**वन अधिकारी अधिनियम के तहत गांवों की ली जानकारी**

कलेक्टर ने वन अधिकार अधिनियम के द्वारा निरस्त किये गये आवेदनों का पुनः परीक्षण करने व ग्राम स्तर एफआरए के लंबित आवेदनों को जांच के निर्देश दिये। उन्होंने चयनित आदर्श ग्राम में राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिलने वाले ग्रामों की ब्लॉकवार समीक्षा की। जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक आदर्श ग्राम बुंदिया, जाज, खड़गवां कला, तारा, बरबसपुर तथा सोनवाही का चयन किया गया है। कलेक्टर ने सभी आदर्श ग्रामों की जानकारी लेते हुए इन ग्रामों में मनरेगा से रोजगार मूलक कार्य उपलब्ध कराने के साथ ही राशन, पेंशन, श्रम पंजीयन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसानों के केसीसी कार्ड के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही संबंधित विभाग को कैंप लगाने के निर्देश दिए। वन विभाग को वन सम्पदा योजनार्न्तत विभिन्न रोजगार मुहैया कराने तथा कृषि विभाग को मिलेट मिशन के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि विभाग, वन विभाग को इन ग्रामों में कैम्प लगाकर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विद्युत विभाग को आदर्श ग्रामों में बिजली की समस्या सुधारने तथा पीएचई विभाग को हैंड पम्प के सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने आदर्श ग्राम में खेल के मैदान, पुस्तकालय, लैब सहित विभिन्न मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद सीईओ से गांव में बने देवगुडी की जानकारी लेते हुए कहा कि गांव के प्रवेश वाले स्थानों पर एक बोर्ड बनवाकर गांव की सामान्य जानकारी पटल पर अंकित करें।

**अधिकारी मतदान से पूर्व तैयारी करें पूर्ण**

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के सत्यापन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये है कि मतदान से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण कर लें। जहां-जहां मतदान होना है वहां पर प्रकाष, पानी, पेयजल, शौचालय, रैम्प के साथ रेलिंग के कार्यों की संयुक्त समीक्षा कर शीघ्र पूर्ण कर लें। उन्होंने मरम्मत योग्य भवन का जीर्णोद्धार करने के साथ ही परिसरों में अरिरिक्त कक्षों को चिन्हाकन कर सूची तैयार करने के निर्देष दिये। उन्होंने दूरस्थ इलाकों में नेटवर्क वाले गांवो का चिन्हाकन तथा मतदान दल को पहुंचने हेतु रोड़ मैप तैयार कराने के निर्देष अनुविभागीय अधिकारियों को दिये। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने यातायात अधिकारी से सीटी बस संचालन की जानकारी लेते हुए यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह, अनुचित डिवाडर को बन्द करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से नगर में सीसीटीवी की जगह का चिन्हांकन करने के निर्देष दिये। उन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिषन को नगर में लगे अवैध होर्डिंग को निकालने की कार्यवाही करते हुए जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देष दिये।

बैठक में वन मण्डलाधिकारी संजय यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री उत्तम रजक, श्रीमती दीपिका नेताम, समस्त जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभाग के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शव पोस्टमार्टम के लिए अंबिकापुर रिफर होते होते रह गया, पोस्टमार्टम के लिए महिला चिकित्सक करती रहीं आनाकानी

## कलेक्टर एवं एसपी के दखल के बाद देर शाम हुआ पोस्टमार्टम, जानें क्या था मामला

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** नौ दिन से गुम बुजुर्ग व्यक्ति की लाश पहाड़ मे पाई गई जिसे कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी ने अपने टीम के साथ जाकर लाश के सड़ी गली हालत मे होने पर नीचे लाया। गुम हुए इंसान की पुलिस खोजबीन कर ही रहीं थी कि 18 अप्रेल को 11 बजे सुचना मिली कि पुरनानगर के शैला पहाड़ मे क्षत विक्षत लाश देखा गया है जिसकी सूचना गाँव वालों ने कोतवाली पुलिस को दी .जिस पर पुलिस टीम पहुंच गईं। मंगलवार को सुचना मिलते ही तीन घंटे की कड़ी माशक्क़त के बाद सिटी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक



रविशंकर तिवारी ने स्वयं अपनी टीम के साथ शव को शैला पहाड़ से नीचे लाया और पोस्टमार्टम के लिए करीब तीन बजे भेजा गया लेकिन 9 दिन पुराने शव पोस्टमार्टम के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ा ड्यूटी मे रहीं महिला डॉक्टर पहुँची ही नहीं. कोतवाली प्रभारी बार बार मोबाइल पर संपर्क करते रहे की किसी तरह जल्दी से पोस्टमार्टम हो जाय तो परिवार वालों को सौंपा जा सके जिससे समय से उनका अंतिम संस्कार हो जाये. पर ज्ञात हुआ कि पोस्टमार्टम के लिए महिला चिकित्सक आनाकानी करते रहीं, कोतवाली निरीक्षक लगातार संपर्क करते रहे लेकिन डॉक्टर का कहना था कि शव




यहाँ पोस्टमार्टम नहीं हो सकता, शव स्थिति अच्छी नहीं सड़ी गली हालत मे होने की वजह से इसे अंबिकापुर भेजा जायेगा. महिला चिकित्सक के द्वारा अंबिकापुर बात करते है कहते हुए जशपुर मे पोस्टमार्टम नहीं हो सकता कहकर एकतरफा मना कर दिया गया। ऐसी स्थिति मे परिवारजनों की स्थिति देखते हुए संवेदनशील कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी ने तत्काल अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया. मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने वस्तुस्थिति से कलेक्टर रवि मित्तल को अवगत कराया उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल पोस्टमार्टम कराय जाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए अंततः कलेक्टर के निर्देश के बाद 5¬45 बजे मेडिकल अफसर की टीम ने पोस्टमार्टम किया. जिसमें फाँसी लगाकर आत्महत्या करना पाया गया।

**मामला इस प्रकार है**

मामला जशपुर कोतवाली अंतर्गत का है जहाँ प्रार्थी प्रकाश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता विजय कुमार संयासी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था जो दिनांक 9/4/023 के रात्रि करीब 8/00 बजे घर में बिना किसी को कुछ बताये कही चला गया था जिसके संबंध में दिनांक 13/4/023 को थाना जशपुर में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराये थे.आज दिनांक 18/4/023 को पुरना नगर बस्ती के कुछ महिला जो जंगल तरफ गये थे वे लोग गांव में हल्ला कर बताये कि एक बुजुर्ग आदमी का शव पुरनानगर शैला पहाड़ में देखे है सूचना पाकर अपने लड़का गांव बस्ती के लोग के साथ में खोजते हुए जंगल पहुंचे,तो पाया कि शैला पहाड़ जंगल में पिता जी का शव मुंह के बल गिरा पड़ा था पल्टवा कर देखा तो पिता विजय कुमार का ही शव था शव काफी पुराना सड़ गया था कीड़ा भी लगा हुआ बदबु आ रहा था उनके हाथ पैर को जंगली जानवर खाने के कारण नही था। पास जंगल के चार पेड़ में पिता जी का साल कपड़ा बंधा था तथा उसके पिता जी के गला में उसी साल कपड़ा से फांसी बंधा हुआ है पिता जी की मृत्यु मानसिक स्थिति ठीक नही होने के कारण शैला पहाड़ के चार पेड़ के डंगाल में अपने पकड़े हुए काला रंग के साल पकड़ा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया और जंगली जानवर के द्वारा बोडी को नोचकर गिराकर खिंच कर वही पास ले गया है। जिस पर सूचक की सूचना पर मौके पर देहाती में मर्ग इंटीमेशन चाक कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। इस मे कोतवाली के सउनि दिल बंधन राम भगत, सउनि ईश्वर वारले, आरक्षक हेमंत कुजूर ने मानवीयता का परिचय दिया।

# संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने बीएमओ समेत पुरे स्टॉफ को दी बधाई, कहा सबकी मेहनत रंग लाई

## सीएचसी दुलदुला को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग ब्लॉक अंडर रिस्करीनिंग अवार्ड

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**कुनकुरी।** जशपुर जिले के दुलदुला सा. स्वा. केंद्र को बेस्ट परफॉर्मिंग ब्लॉक अंडर रिस्करीनिंग केटेगरी 2022-23 अवार्ड मिला है। मरीजों के बेहतर इलाज एवं देखरेख के लिए सर्टिफिकेट व सम्मान मिला है। ज्ञात हो कि आदिवासी बाहुल्य जिले के दुलदुला ब्लॉक के लिए यह गौरव का विषय है कि एक महिला के हाथ मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कमान मिलते ही उन्होंने




अस्पताल का कायाकल्प कर दिया, ज्ञात हो कि ज़ब बीएमओ दुलदुला डॉ शोभा मिंज ने ज़ब चार्ज लिया तो उन्होंने सोंचा भी नहीं होगा कि जिस अस्पताल का जिम्मा उन्हें दिया गया उसे बेस्ट परफॉर्मिंग ब्लॉक अंडर रिस्करीनिंग केटेगरी का भी अवार्ड मिल जायेगा। उन्होंने अपनी छोटी बच्ची को गोद मे उठा कर अपने कर्तव्य का निर्वहन इस अंदाज मे किया कि आज जिले के साथ साथ अपने कर्तव्य स्थल दुलदुला का भी नाम रोशन कर दिया। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा मे वे लगातार स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने की दृष्टि से काम कर रहे है मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिए लगातार जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे है इसी का परिणाम है कि आज दुलदुला को बेस्ट परफॉर्मिंग ब्लॉक अंडर रिस्करीनिंग केटेगरी का अवार्ड मिला है। पुरे सा. स्वा. केंद्र दुलदुला के कर्मचारियों को बधाई देता हूँ, उन्होंने कहा कि विधानसभा कुनकुरी के फरसाबाहर कुनकुरी मे भी स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र मे बढ़ोत्तरी हो रहीं है कुनकुरी मे जल्द ही 100 बिस्तर का अस्पताल बनकर तैयार हो जायेगा जिससे की अनेक प्रकार की सुविधाएं लोगों को मिलेगी।

# उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा सन्ना के शांति समिति की बैठक लेकर दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** आगामी दिनांक 22 अप्रैल 2023 को ईद-उल-फितर पर्व, परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सन्ना थाना क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों की बैठक उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी.रविशंकर (भा.पु.से.) द्वारा आज थाना सन्ना परिसर में लिया गया। बैठक में कहा गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरवशाली परंपरा के अनुरूप ईद का त्यौहार, परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया साम्प्रदायिक सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर मनाया जायेगा। इस शांति और भाईचारा को बनाये रखने का दायित्व हम सब की जिम्मेदारी है, समिति के सदस्यों से उक्त त्यौहारों के सफल आयोजन हेतु सुरक्षा व्यवस्था बनाये में पुलिस एवं प्रशासन को सहयोग करने हेतु कहा गया। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने प्रशासन और पुलिस का पूरी तरह




सहयोग करना बताये। उक्त त्यौहार के अवसर पर आवश्यक जगहों को पुलिस बल लगाया जायेगा। जशपुर पुलिस द्वारा सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में नजर रखी जा रही है, आपत्तिजनक सामग्री और लोक शांति प्रभावित करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में थाना सन्ना प्रभारी निरीक्षक नंदनलाल राठिया, मो. सोहेल आलम, मो. सब्बू खान, मो. नेम खान, अमित बरवा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सौर सुजला योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के परिवारों को किया जा रहा है लाभान्वित

**89 हितग्राहियों के यहां 89 नग सिंचाई हेतु सोलर पंप की जा चुकी है स्थापित, शंकरनगर में बिरहोर जनजाति हेतु की गई है सोलर पंप की स्थापना, शंकरनगर में निवासरत बिरहोर जनजाति के परिवारों को मिल रहा है शुद्ध पेयजल**





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** सौर सुजला योजना अंतर्गत जिला के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। सौर सुजला योजना के तहत् पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर परिवार के लोगों के लिए प्राथमिकता से पेयजल की उपलब्धता कराई जा रही है। क्रेड़ा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा जनजाति समुदाय के लोगों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 89 हितग्राहियों के यहां 89 नग सिंचाई हेतु सोलर पंप की स्थापना की जा चुकी है। क्रेड़ा विभाग के सहायक अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बेहराखार के आश्रित मोहल्ला शंकरनगर में सौर सुजला योजना अंतर्गत बिरहोर जनजाति के हितग्राही बिरनी बाई के यहाँ सोलर पंप स्थापित कराया गया है। जिससे उनको शुद्ध पेय जल की सुविधा के साथ-साथ कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो रही है। वर्तमान में बेहराखार में 07 हितग्राही के यहां पंप स्थापित कराया गया है। जिसका लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। सोलर पंप स्थापित करने के पूर्व शंकरनगर में निवासरत बिरहोर जनजातियों द्वारा हैण्ड पंप से पेयजल की व्यवस्था की जाती थी। जिसमें आयरन युक्त लाल पानी आने के कारण शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। जिससे संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा हितग्राही बिरनी बाई के जमीन में बोरवेल कराया गया था। जहॉ वर्तमान में सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पंप स्थापित की स्थापना कर दी गई है। अब शंकरनगर में निवासरत् बिरहोर जनजाति के परिवारों शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रही है। उल्लेखनीय है कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवास, बिजली, पानी और मूलभूत की सुविधा उपलब्ध कराने से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। अब पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के लोगों हेतु छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से राशन एवं स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी नें कुनकुरी मे आयोजित किया मैजिशियन शो, एशिया के सबसे छोटे जादूगर 10 वर्षीय जतिन दिखाएंगे मैजिक





**मैजिशियन शो का विधायक यू. डी. मिंज ने किया शुभारंभ**


**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**कुनकुरी।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय द्वारा एशिया एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जाने-माने टीवी सीरियल अकबर बीरबल के कलाकार जादूगर हास्य सम्राट हैरी का रंगीन मायाजाल एवं एशिया के सबसे छोटे जादूगर 10 वर्षीय जतिन का मैजिशियन शो कुनकुरी में कल शाम 6:00 बजे से किया गया जादू के शो का उद्घाटन विधायक एवं संसदीय सचिव यू. डी. मिंज के मुख्य आतिथ्य में किया गया मंच पर विराजमान अतिथियों का ब्रह्मकुमारी बहन ने तिलक लगाकर स्वागत किया इसके पश्चात मुख्य अतिथि यू. डी. मिंज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत में 10 साल के नन्हे छोटे जादूगर जतिन में मुख्य अतिथि विधायक एवं संसदीय सचिव यू. डी. मिंज का स्वागत मोतियों की माला जिसे पहले धागे को टुकड़े टुकड़े करवाने के बाद उसे अपने मैजिक से जोड़ते हुए सभी को आश्चर्यचकित कर दिया एवं उसी माला से विधायक यू. डी. मिंज का स्वागत किया गया पत्थलगांव ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा सभी नागरिकों माताओं बच्चों के लिए विशेष बैठक व्यवस्था का इंतजाम किया था। इस कार्यक्रम मे ब्रह्मकुमारी बहनों के साथ मनोज सागर यादव, अद्याशंकर त्रिपाठी, समेत अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कुनकुरी में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था द्वारा आयोजित युवा जादूगर सम्राट कार्यक्रम में शामिल विधायक यू. डी. मिंज ने नन्हें जादूगर के द्वारा दिखाए गए कला की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था के बहनों के लिए कहा कि वे खुद के जीवन को समाज के लिए न्योछावर कर लोगों को जीवन की महत्वता और जीवन जीने की राह दिखाती है मै उन सभी बहनों को सादर नमन करता हूं।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना की शुरुआत की

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की तर्ज पर राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना के शुभारंभ के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। यह योजना 61 विकासखंड सामुदायिक क्षेत्रों की 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। इस योजना की इकाई ग्राम पंचायत होंगी। तीज-त्यौहार मनाने के लिए इस




योजना में भी हर ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10-10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने पहली किश्त के रूप में आज योजना के अंतर्गत आने वाली सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री आदिवासी परव सम्मान निधि के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वो पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी-तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। लोक-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ही देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर ( छ0ग0 )**
**इश्तहार**
रा0प्र0क्र0 / अ-24/ 2022-23
महेशचंद पाण्डेय
प्रति शासन
आम जनता ग्राम गोपालपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महेश चन्द पाण्डेय आ0 रामकृपाल पाण्डेय निवासी मिश्रागली सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य कि भूमि ग्राम गोपालपुर तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 617/12 मे से रकबा 0.010 हे0 भूमि सड़क रास्ता हेतु छ0ग0 शासन के पक्ष मे त्यजन करने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र मे प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दावा दिनांक 03.05.2023 को स्वतः अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 19/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
तहसीलदार, सूरजपुर
जिला सूरजपुर छ.ग.

**सूचना**
मे0 हर्ष कंस्टक्शन कंपनी (संजय पार्क के सामने अम्बिकापुर) फर्म के भागीदारों में आपसी सहमति से परिवर्तन हुआ है। इस फर्म से श्रीमती हेमलेखा सिंह एवं श्रीमती मंजुला सिंह फर्म से स्वेच्छा से पृथक हो रही हैं। इसमें किसी प्रकार की किसी को कोई आपत्ति नहीं है।
मे0 हर्ष कंस्टक्शन कंपनी
संजय पार्क के सामने
अम्बिकापुर

# शासकीय सेवकों एवं उनके परिजनों के इलाज के लिए राज्य के बाहर के 41 अस्पतालों को मान्यता

**शासकीय कर्मियों के उपचार के लिए राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पतालों की संख्या 132 हुई, छत्तीसगढ़ के 91 और राज्य के बाहर के 41 अस्पताल शामिल**

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों के इलाज के लिए राज्य के बाहर स्थित 41 अस्पतालों को मान्यता दी है। शासकीय कर्मियों के इलाज के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन अस्पतालों को मान्यता मिली है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव के अनुमोदन के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची मंत्रालय से जारी की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शासकीय कर्मियों और उनके परिजनों के उपचार के लिए विगत 11 अप्रैल को 92 अस्पतालों की सूची जारी की थी जिनमें प्रदेश के विभिन्न शहरों के 91 और राज्य के बाहर स्थित एक अस्पताल नीति क्लिनिक्स प्राइवेट लिमिटेड रामदासपेठ, नागपुर शामिल था। विभाग द्वारा 19 अप्रैल को जारी मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची में राज्य के बाहर स्थित 40 अस्पताल शामिल हैं। इस तरह शासकीय सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों के इलाज के लिए मान्यता प्राप्त अस्पतालों की कुल संख्या अब 132 हो गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची प्रेषित की है। राज्य के बाहर के इन अस्पतालों को मिली है मान्यता राज्य के बाहर स्थित 41 अस्पतालों को मान्यता दी है। इनमें सर गंगाराम हॉस्पिटल राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली। स्पंदन हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर धनतोली, नागपुर. प्लेटिना हार्ट हॉस्पिटल सीताबुल्दी, नागपुर। शेल्बी मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल विजय नगर, जबलपुर. मेदांता द मेडिसिटी, सेक्टर-28, गुड़गांव। जसलोक हॉस्पिटल, मुंबई। सी. एम. सी. वेल्लोर, शंकर नेत्रालय, चेन्नई। अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई. एस्कार्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली. बत्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली। लीलावती हॉस्पिटल, मुंबई। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा, दिल्ली। चोईथराम हॉस्पिटल, इंदौर। यशोदा हॉस्पिटल, हैदराबाद। फोर्टिस एंड लाफ्रेस फोर्टिस हॉस्पिटल दृ दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की सभी शाखाएं। मैक्स देवकी हार्ट एंड वास्कुलर इंस्टीट्यूट, सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल- दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की सभी शाखाएं, प्राइमस सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल चाणक्यपुरी, नई दिल्ली। मैक्स सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल साकेत, नई दिल्ली। अपोलो हॉस्पिटल्स चिनगाधिली, विशाखा पटनम। मेदांता सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल एबी रोड, इंदौर। शेल्बी हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी केयर आर.एस। भंडारी मार्ग, इंदौर। शेल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एस.जी. रोड, अहमदाबाद। बासवाताराकम इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट बंजारा हिल्स, हैदराबाद. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुंबई. बॉम्बे हॉस्पिटल, मुंबई। नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली। पंडालिया कार्डियो-थोरेसिक फाउंडेशन, चेन्नई। एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हैदराबाद। मेडविन हॉस्पिटल, हैदराबाद. सेवन हिल्स हॉस्पिटल, विशाखापटनम। केयर हॉस्पिटल, विशाखा पटनम। स्योरटेक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नागपुर। एच. सी. एम. सी. टी. मनिपाल हॉस्पिटल्स ओखला इंडस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली. ओमनी आरके सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल रामनगर, विशाखा पटनम। ग्लेनीगल्स ग्लोबल हॉस्पिटल्स, हैदराबाद। अपोलो हॉस्पिटल जुबली हिल्स, हैदराबाद. मेडिट्रिना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रामदासपेठ, नागपुर शामिल हैं।

चिंतन

# अब कांग्रेस की जातिगत जनगणना की सियासत

देश में एक बार फिर विभाजनकारी राजनीति के नए दौर का आगाज विनाशकारी है। जो कांग्रेस हमेशा विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ रही है, वही अब सत्ता के लिए उसी बंद गली में प्रवेश कर गई है। कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सियासी दांव चला है कि जो जाति जितनी संख्या में हैं, आरक्षण में उसकी उतनी भागीदारी सुनिश्चित की जाय। राहुल ने सरकार से 2011 की जनगणना के जातिगत आँकड़े उजागर करने की मांग की है। उन्होंने जातिगत जनगणना का नया राजनीतिक शिगूफा छोड़ा है। एक तो जनगणना जाति व धर्म के आधार पर नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इससे सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक प्रश्न हल नहीं होते हैं। डा. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में केवल दस साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था, बाद में राजनीतिक कारणों से कांग्रेस इसे बढ़ाती रही। दूसरे दलों की सरकारों ने भी आरक्षण को लेकर ठोस फैसला लेने की हिम्मत नहीं दिखा सकी। नब्बे दशक में आरक्षण को विस्तार देने के लिए मंडल राजनीति ने इसे और विध्वंसक बना दिया। पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के फैसले के बाद देश ने हिंसा, आगजनी व उपद्रव का दौर देखा, इस आरक्षण से देश में सामाजिक व जातिगत विभाजन और गहरा हुआ। देश में आज की सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक व आर्थिक स्थिति आजादी के वक्त जैसी नहीं है। देश में अवसरों की समानता है, संवैधानिक रूप से सभी नागरिक समान हैं, तो जातिगत आरक्षण जैसे प्रावधान से संविधान के समानता के अधिकार का हनन भी होता है। 21वीं सदी में जहां भारतीय समाज जाति व धर्म के अनुत्पादक पचड़े से बाहर निकल कर समावेशी मानवता व सभी मनुष्य समान विचार के साथ आगे बढ़ रहा है, नई पीढ़ी तर्क व तकनीक आधारित समाज का निर्माण कर रही है, उसी सदी में जातिगत या धर्मगत आरक्षण जैसे विचार सामाजिक प्रगतिशीलता को पीछे धकेलने वाले हैं। जब हम देश की एकता-अखंडता की बात करते हैं, स्वतंत्रता, समानता की बात करते हैं और जाति व धर्म के नाम पर आरक्षण की भी बात करते हैं, तो निश्चित रूप से विरोधाभासी बातें करते हैं। समाज में जब तक विभाजनकारी बीज रहेंगे, राष्ट्रीय एकता, अखंडता व समानता के लिए खतरे मंडराते रहेंगे। आज नई सदी में जॉब का पूरा सिस्टम बदल चुका है, सरकारी क्षेत्र में नौकरियां कम से खत्म की ओर बढ़ रही हैं, पेंशन सिस्टम खत्म हो गया है, सरकार स्वरोजगार को प्रमोट करने को विवश है, ऐसे में जातिगत आरक्षण जैसे प्रावधान से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। आज देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष को पार कर गया है, ऐसे में जातिगत आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए और जरूरी है कि नहीं, इस पर तर्कपूर्ण विवेचना होनी चाहिए। जरूरी है तो किसके लिए व कितने समय तक, यह तय होना चाहिए। राहुल गांधी की मांग बर्र के छत्ते में हाथ डालने जैसी है। 21वीं सदी के तीसरे दशक में जातिवाद को खत्म करने का संवैधानिक-कानूनी कदम उठाया जाना चाहिए, न कि जातिवाद की जड़ें गहरी करने के लिए जातिगत जनगणना जैसी प्रतिगामी मांग होनी चाहिए। लगता है कांग्रेस जातिवादी राजनीति में अपना भविष्य देख रही है। बिहार में जातिवादी जनगणना शुरू है, और भी राज्य शुरू करेंगे, लेकिन इससे सामाजिक विभाजन बढ़ने के खतरे अधिक हैं। देश में हजारों जातियां, उपजातियां हैं, ऐसे में इनमें खाई बढ़ाकर राजनीति करना ठीक नहीं है। धर्म की राजनीति भी उतनी ही गलत है, जितनी कि जाति की राजनीति। केवल विकास की राजनीति से देश व समाज का भला होगा।



महाभारत 2024

विवेक शुक्ला

# सियासत के केंद्र में होगा राम मंदिर

> बेशक, 1980 में अस्तित्व में आने के बाद से ही राम मंदिर भारतीय जनता पार्टी की राजनीति की आत्मा रहा है, लेकिन यह सवाल उठना लाजिमी है कि एक बार मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्या 2024 लोकसभा चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा भाजपा को लाभ और कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकता है? भाजपा चाहती है कि मंदिर लोकसभा चुनाव से पहले भक्तों के लिए खुले। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में मंदिर के उद्घाटन से पहले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूरे देश में हिंदू संस्कृति, हिंदुत्व, हिंदू एकता का बड़े पैमाने पर ध्वज पताका फहराई जाएगी।

यह मान कर चलिए कि आगामी कर्नाटक विधानसभा के चुनावों के बाद देश आगामी लोकसभा चुनाव के मोड में होगा। लोकसभा चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होंगे। चुनाव तारीखों की घोषणा से ठीक पहले जनवरी में अयोध्या में भव्य राम मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोले जाएंगे। इस दरम्यान पूरे देश में उत्सव का माहौल होगा। बेशक, 1980 में अस्तित्व में आने के बाद से ही राम मंदिर भारतीय जनता पार्टी की राजनीति की आत्मा रहा है, लेकिन यह सवाल उठना लाजिमी है कि एक बार मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्या 2024 लोकसभा चुनाव में राम मंदिर का मुद्दा भाजपा को लाभ और कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकता है? भाजपा चाहती है कि मंदिर लोकसभा चुनाव से पहले भक्तों के लिए खुले। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में मंदिर के उद्घाटन से पहले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पूरे देश में हिंदू संस्कृति, हिंदुत्व, हिंदू अस्मिता और एकता का बड़े पैमाने पर ध्वज पताका फहराई जाएगी। संघ से जुड़े संगठन इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बना रहे हैं। आपको याद होगा लगातार हो रहे चुनावों के बीच जब 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर का 'भूमि-पूजन' किया था।

1984 में लोकसभा की केवल दो सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी ने पालमपुर सम्मेलन में राम मंदिर निर्माण को मुख्य राजनीतिक एजेंडा बनाया। नई नवेली पार्टी का इसका फायदा भी हुआ। 9 नवंबर 1989 को शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया और इसके कुछ दिनों बाद जब लोकसभा चुनाव हुए तो भगवा पार्टी के सांसदों की संख्या बढ़कर 85 पहुंच गई। इसके बाद तो पार्टी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता कहते थे कि किसी और शासन काल में मंदिर नहीं बन पाएगा। साथ ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर बरसों तक मंदिर निर्माण कार्य में रोड़े अटकाने का आरोप लगाते। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सत्ता में आने के बाद से लगभग हर महीने मंदिर स्थल का दौरा किया है और व्यक्तिगत रूप से विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। राम जन्मभूमि आंदोलन को लेकर जो उत्साह था, उसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिला और अब इसके अंतिम परिणाम का समय आ गया है। पार्टी ने जो भी वादा किया, उसे पूरा किया। भाजपा संगठित तरीके से मंदिर को प्रचार में लाएगी। यहां तक कि अगर यह भव्य मंदिर की तस्वीर प्रचार में प्रयोग करती है तो इसका हिंदू जनमानस पर प्रभाव पड़ेगा। खासकर हिंदी भाषी क्षेत्रों में सकारात्मक असर होगा। हालांकि, दक्षिण भारत के लोग भी काफी धार्मिक हैं। वे क्षेत्रीय दलों को वोट दे सकते हैं, लेकिन मंदिर निर्माण की मंशा उनकी भी थी। ऐसे में मंदिर निर्माण से भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण भारत में फायदा मिल



सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सर्जिकल स्ट्राइक बड़ा मुद्दा था तो 2024 के आम चुनाव में राम मंदिर बड़ा नैरेटिव बन सकता है। इससे देश का कोई भी राजनीतिक दल इंकार नहीं कर सकता।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में त्रिपुरा में कहा था कि कांग्रेस आजादी के बाद से ही अदालतों में राम मंदिर निर्माण के मामले को लटकाती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया और भूमि पूजन के बाद उसी दिन मंदिर निर्माण शुरू हो गया। 2024 के आम चुनावों में राम मंदिर बड़ा नैरेटिव बनेगा। यह स्वाभाविक भी है। यह भारतीय जनता पार्टी का प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। इसका लाभ पार्टी को मिल सकता है क्योंकि मोदी सरकार ने चुनावों से पहले जनता से किए अपने दो वैचारिक वादों को पूरा करके दिखाया है। जिसमें एक राम मंदिर निर्माण भी था। दूसरा वादा अनुच्छेद 370 को हटाना था। अगर बात कांग्रेस की करें तो इस बार भी राम मंदिर मुद्दा चुनावों में कांग्रेस को अखिल भारतीय स्तर पर परेशान करता रहेगा। राजीव गांधी की मृत्यु के बाद कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को पूरी तरह से छोड़ दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी ने समझदारी से अपना लिया। कांग्रेस के लिए धीरे-धीरे राम, रामायण और राम राज्य एक फोबिया हो गया। चूंकि कभी कांग्रेस ने अयोध्या को छोड़ दिया था, उत्तर भारत में हिंदुओं ने कांग्रेस को छोड़ना शुरू कर दिया। इसका बड़ा कारण 2009 में यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाना था। करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इसकी कीमत कांग्रेस अभी तक चुका रही है। इतने सालों में हमने कभी किसी कांग्रेसी नेता को भगवान राम के बारे में बात करते नहीं देखा। वास्तव में, कांग्रेस के अंदर राम नाम का ऐसा शोर बना दिया गया है कि यदि कोई भगवान राम का नाम ले भी लेता है तो उसे संघी, सांप्रदायिक, धर्मांध या हिंदुत्व एजेंट करार दे दिया जाता है।

खैर, प्रतीकवाद से परे जाकर राम मंदिर एकता और सांस्कृतिक संश्लेषण का एक बड़ा संदेश देगा। देवत्व के आह्वान के जरिए यह एक तरह का सोशल इंजीनियरिंग है। मोदी के सुझाव के आधार पर परिसर में सात नए मंदिरों का भी निर्माण किया जाएगा जो रामायण के प्रमुख पात्रों-महर्षि वाल्मीकि, शबरी, निषाद राज, आचार्य वशिष्ठ, ऋषि विश्वामित्र, अहिल्या और अगस्त्यमुनि - को समर्पित होंगे। ये विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग जातियों और समुदायों द्वारा पूजनीय हैं। वाल्मीकि और शबरी दलितों के लिए पूजनीय हैं। सूरत में एक मंदिर उन्हें समर्पित है, जबकि माना जाता है कि केरल में सबरीमाला मंदिर का नाम उन्हीं से लिया गया है। निषाद राज मछुआरा समुदाय द्वारा पूजनीय है। आचार्य वशिष्ठ ब्राह्मण थे, जबकि विश्वामित्र क्षत्रिय जाति के हैं। पूरे देश में अहिल्या और अगस्त्य के मंदिर हैं।

भारतीय जनता पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी सरीखे नेताओं को भी बेनकाब करने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी, जो राम मंदिर के आलोचक थे। गौरतलब है कि ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा था और उन पर अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन में हिस्सा लेकर पद की गरिमा के उल्लंघन का आरोप लगाया था। तो साफ है कि अगले लोकसभा चुनावों के केंद्र में राम मंदिर का मुद्दा प्रमुख रहेगा, जिसका भारतीय जनता पार्टी फायदा उठाने का भरपूर प्रयास करेगी और कांग्रेस को कहीं न कहीं इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सारा संसार





श्रीलंका में घूमने वाली जगहों में शामिल उदावलावे नेशनल पार्क एक खूबसूरत जगह हैं जोकि ऐसे स्थानों में शामिल जहां हाथी को भी देखा जा सकता है। हालांकि हाथी के अलावा भी यहां कई अन्य जानवर सियार, भैंस, मोर, मगरमच्छ, बंदर और हिरण आदि शामिल हैं जिनको देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं।

## कर्म करो और फल की इच्छा मत करो






संकलित

दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## अकेले में ज्यादा भटकता है मन





संकलित

प्रेरणा

देवी सती ने देह त्याग दी थी और सती के वियोग में शिव जी ध्यान में बैठे हुए थे। एक दिन शिव जी के पास हिमाचल राज और उनकी पुत्री पार्वती पहुंच गईं। हिमाचल राज के मन में था और पार्वती जी भी चाहती थीं कि मेरा विवाह शिव जी के साथ हो जाए, लेकिन शिव जी तो तप कर रहे थे। सती के बाद वे दोबारा विवाह करना नहीं चाहते थे। 'आप यहां तप कर रहे हैं, यहां आपका ध्यान रखने वाला कोई नहीं है। मैं चाहता हूं कि मेरी पुत्री पार्वती यहां रहकर आपकी सेवा करे।' पर्वतराज हिमाचल राज ने शिव जी से कहा। 'मुझे इस बात की जरूरत नहीं है। महिला की वजह से ध्यान, वैराग्य, तप बिगड़ जाता है। अगर एकांत में महिला रहेगी तो मेरा तप भंग हो सकता है। इसलिए आप मुझे क्षमा करें और अपनी पुत्री को यहां से ले जाइए।' शिव जी ने हिमालय राज को जवाब दिया। हिमालय राज और शिव जी की बातें देवी पार्वती बहुत ध्यान से सुन रही थीं। 'आप कह रहे हैं कि आप तप कर रहे हैं तो जब आप तप ही कर रहे हैं तो आपको ये आभास कैसे होगा कि ये शरीर महिला का है और ये शरीर पुरुष का है।' पार्वती जी ने शिव जी से पूछा। देवी पार्वती की ये बात सुनकर शिव जी हैरान हो गए, क्योंकि देवी ने बात बहुत बुद्धिमानी की कही थी। 'देवी आपकी बात सही है, लेकिन मेरी बात भी सही ही है।' शिव जी ने कहा। इसके बाद शिव जी ने हिमाचल राज से कहा कि आप चाहें तो समय-समय पर कुछ देर के लिए देवी पार्वती यहां आ सकती हैं और यहां की व्यवस्था सुधारकर वापस लौट जाएं।



वर्ल्ड लीवर डे

डॉ. रमेश ठाकुर

# यकृत को स्वस्थ रखना जरूरी

कोविड-19 के बाद यकृत रोगियों की संख्या में बेहताशा इजाफा हुआ है। डब्ल्यूएचओ और वैश्विक चिकित्सीय आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2020 के बाद अन्य बीमारियों के मुकाबले लीवर के मरीज 10 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं। आंकड़ों पर गौर करें हिंदुस्तान में प्रत्येक दसवां इंसान फैटी लीवर से पीड़ित है। इसे कोरोना का प्रभाव कहें या खानपान की गलत आदत? लीवर से जुड़ी तमाम बीमारियों के संबंध में आमजन को जागरूक करने के मकसद से ही 'वर्ल्ड लिवर डे' आयोजित होता है। ये ऐसा सब्जेक्ट है जो निश्चित रूप से चिकित्सीय है, पर पूर्णता उन पर निर्भर रहना ही हमारी नाइंसाफी है। लीवर को लंबे समय तक सहजना-सुरक्षित रखना, खुद पर निर्भर करता है। बस, कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। फिजिकल वर्क पर ध्यान देना चाहिए, स्वस्थ लिवर के लिए वर्कआउट जरूरी होता है। अल्कोहल एडिक्शन के शिकार सिरोसिस से ग्रस्त होते हैं, इसलिए शराब का सेवन लिवर के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। लिवर से संबंधित बीमारी लेकर जब कोई मरीज किसी डॉक्टर के पास जाता है। जांच पड़ताल के बाद चिकित्सक को पता चलता है कि मरीज का यकृत शराब के चलते खराब हुआ है, तो चिकित्सक मरीज को शराब नहीं पीने की सलाह देता है। बावजूद इसके लोग शराब के इस्तेमाल से बाज नहीं आते। लिवर के प्रति हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। शराब की लत को अलविदा करना ही होगा। हिंदुस्तान में लिवर रोगों के मामलों में होने वाली मौतों में बीते कुछ वर्षों में ज्यादा इजाफा हुआ है। बड़ों के मुकाबले अब बच्चे भी ज्यादा प्रभावित होने लगे हैं। कोल्ड ड्रिंक या अन्य पेय पदार्थों के पीने मात्र से यकृत खराब हो जाता है। अंग्रेजी दवाइयों के हैवी डोज से लिवर खराब होते थे, इसको लेकर तो आमजन जागरूक हैं, पर सामान्य चीजों के प्रभाव से भी लिवर खराब होने लगे हैं, ये घोर चिंता का विषय है। दिल्ली के 'सर गंगाराम अस्पताल' के गैस्ट्रो प्रमुख डॉ. अनिल अरोड़ा, पिछले 30 वर्षों से लिवर का इलाज कर रहे हैं। वह बताते हैं कि बच्चों को बाहरी चीजों के सेवन से रोकना होगा, क्योंकि खाद पदार्थ की बाहरी वस्तुओं में केमिकल ज्यादा होते हैं। बच्चों को कोल्ड ड्रिंक कतई नहीं देनी चाहिए, उसमें गैस होती है, जो बच्चों के कोमल लिवर पर सबसे ज्यादा हमला करती हैं। एक जमाना था, जब घर के बुजुर्गों के अनुभव से लोग अपने लिवर को लंबे समय तक स्वस्थ रखते थे। वो ऐसे टिप्स थे जिन्हें अब भी आजमाया जा सकता है, पर अफसोस उन टिप्स को कोई अपनाना नहीं चाहता। इसके अलावा लहसुन, अंगूर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियां, सेब और अखरोट का इस्तेमाल लिवर के लिए रामबाण बताया गया है। नींबू का रस और ग्रीन-टी भी फायदेमंद होती है। बाजरा जैसे वैकल्पिक अनाज को अब भी प्राथमिकता दे सकते हैं। खाने में गोभी, ब्रोकोली और फूलगोभी जैसी क्रूस वाली सब्जियां लेनी चाहिए। इसके अलावा खाने में हल्दी का प्रयोग करना अच्छा बताया जाता है। कुल मिलाकर हमें खुद से लीवर के प्रति जागरूक होना होगा? गलत खानपान की चीजें पहले फैटी लिवर बनाती है, उसके बाद गंभीर बीमारी से जकड़ लेती हैं। इन सबसे बचने की दरकार है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

अंतर्मन




आज की पाती

## नेताओं के झांसे में न आएं लोग

देश का लोकतंत्र खतरे में है या नहीं, इससे देश की प्रबुद्ध जनता भली-भांति परिचित है। देश की संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खतरे में है या नहीं, यह भी पढ़ी-लिखी प्रबुद्ध जनता जानती है। लोकतंत्र को लेकर जो विवाद आजकल गर्म है, उसे राजनीति से प्रेरित कहा जा सकता है। कभी-कभी ऐसा होना भी स्वाभाविक होता है कि किसी ज्वलंत मुद्दे को ढकने के इरादे से किसी और मुद्दे को तूल दिया जाता होगा, जिससे जनता का ध्यान हटाया जा सके। देश की प्रबुद्ध जनता को गुमराह होने से बचने की जरूरत होगी क्योंकि ऐसे मुद्दों को हवा देकर नेता व दल जनता को इसलिए गुमराह करते हैं ताकि उनको इससे राजनीतिक लाभ मिल सके। जनता को यह मानकर चलने की जरूरत होगी कि नेताओं को जनता की चिंता नहीं होती है और उनका अपना स्वार्थ ऊपर होता है। *- राजेश वर्मा, रायगढ़*

ट्रेंड

### भारत मदद करेगा



जी-20 में आये डेलिगेट्स ने जन औषधि केंद्र पर जाकर इस जन-कल्याणकारी परियोजना के बारे में जानकारी ली। वो अपने देश में भी इस योजना को लागू करना चाहते हैं। भारत इसमें उनकी हर संभव मदद करेगा।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### तीन कदम उठाइए



प्रधानमंत्री जी, वंचितों को खोखले शब्द नहीं, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति की ज़रूरत है। ये तीन कदम उठाइए- 2011 की जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक कर, देश में ओबीसी कितने हैं बताइए। आरक्षण से 50% कैप हटाइए। दलितों, आदिवासियों

# आज का राशिफल

मेष राशिफल : किसी खास प्रयोजन को लेकर की गई मेहनत के उचित परिणाम हासिल होने वाले हैं. घर में मेहमानों के आगमन से उत्सव भरा माहौल रहेगा. इस समय आपका आत्मविश्वास आपके लिए नई उपलब्धियों का निर्माण कर रहा है. परंतु आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चों की भी स्थिति रहेगी, जिसकी वजह से आर्थिक स्थिति डगमगा सकती हैं. अतः बजट बनाकर चलना जरूरी है साथ ही क्रोध और इगो पर भी नियंत्रण रखें तो परिस्थितियां अनुकूल बनी रहेंगी.

वृषभ राशिफलः दिन बहुत व्यस्तता और मेहनत वाला व्यतीत होगा. फोन अथवा मित्रों के साथ घूमने-फिरने में अपना समय व्यर्थ ना करे. किसी पड़ोसी के साथ कहासुनी होने जैसी स्थिति भी बन सकती हैं. व्यवसाय संबंधी कोई भी कार्य खुद ही निपटाने का प्रयास करें. इस समय कोई नई जिम्मेदारी आपके ऊपर आ सकती हैं. साझेदारी के व्यवसाय में गलतफहमियां दूर होंगी. और कार्य में गति आएगी.

मिथुन राशिफल : विपरीत परिस्थिति में अपने गुस्से और आवेश पर काबू रखें. ध्यान रखें कि कोई पुराना मुद्दा उभरने से तनाव जैसा वातावरण बन सकता है. किसी नजदीकी संबंधी के विवाहित संबंधों में अलगाव आने की वजह से चिंता रहेगी. युवा वर्ग अपने करियर के प्रति ज्यादा ध्यान दें. व्यवसायिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी. अगर किसी नए काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो समय अनुकूल है. इंपोर्ट-एक्सपोर्ट संबंधी व्यवसाय में अभी कुछ मंदी का असर बना रहेगा. नौकरी पेशा लोगों के ऑफिस का माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क राशिफलः आज अधिकतर समय परिवारजनों के साथ व्यतीत करने से सुकून और खुशी मिलेगी. भविष्य संबंधी योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण नीतियां बनेंगे. वरिष्ठ लोगों के अनुभवों को जरूर आत्मसात करें. विद्यार्थी वर्ग अपनी पढ़ाई को लेकर पूरी तरह गंभीर रहेंगे. दोपहर बाद परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल रहेगी. इसलिए धैर्य बनाकर रखना ही उचित है. युवाओं को मौज मस्ती की अपेक्षा अपने करियर और भविष्य संबंधी योजनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है. आर्थिक परिप्रेक्ष्य में कोई खास परिणाम नहीं मिलेंगे.

सिंह राशिफलः आज आप अपनी दिनचर्या में कुछ परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे. और इससे आप की कार्य क्षमता और अधिक सशक्त होगी. संतान के करियर संबंधी समस्याओं को किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति की सहायता से सुलझाने में सफलता मिलेगी. रिश्तेदारी से संबंधित कोई वाद-विवाद बढ़ सकता है. गुस्से और आवेश पर काबू रखें. इस समय किसी भी तरह के यात्रा संबंधी प्रोग्राम को स्थगित रखना ही उचित है. जोखिम पूर्ण कार्यों से भी दूर रहें.

कन्या राशिफल : अगर कोई सरकारी कार्यवाही चल रही है, तो फैसला आपके पक्ष में होने की संभावना है. आपकी सकारात्मक और संतुलित सोच द्वारा कुछ समय से चल रही परेशानियों का हल भी अवश्य निकलेगा. कोई पारिवारिक वाद-विवाद की स्थिति बनी हुई है, तो शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास करें. किसी मित्र या नजदीकी व्यक्ति की गलत सलाह आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती है, बेहतर होगा कि अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें.

तुला राशिफल : परिवार के साथ कोई धार्मिक स्थान पर जाने संबंधी प्रोग्राम बनेगा. इस समय अफवाहों पर ध्यान ना दे कर अपने कार्यों के प्रति फोकस रहे. निश्चित ही आपको सफलता मिलने वाली है. विद्यार्थी वर्ग भी अपने पढ़ाई के प्रति उचित ध्यान देंगे.


वृश्चिक राशिफल : किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया करने से पहले सोच-विचार अवश्य कर ले. जल्दबाजी और गुस्से से स्थितियां और बिगड़ सकती हैं. अनावश्यक खर्चों पर काबू रखें तथा अपने बजट का ध्यान अवश्य रखें.

धनु राशिफल : अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाने और उस उपयोग करें. वर्तमान ग्रह स्थिति आपको अद्भुत शक्ति प्रदान कर रही है. आज कुछ धनदायक स्थितियां भी बनेगी, साथ ही इस समय बनाई गई योजनाएं निकट भविष्य में शुभ अवसर प्रदान करने वाली हैं.

मकर राशिफल : भाग्य की अपेक्षा अपने कर्म पर विश्वास रखें तथा पूरे मनोयोग से अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहे. दूसरों से सलाह लेने की अपेक्षा अपने दिल की आवाज को सुनें आप अवश्य ही सही निर्णय लेने में सक्षम रहेंगे. विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति फोकस रहेंगे.

कुंभ राशिफल : घर में निकट संबंधियों के आगमन से खुशी भरा माहौल रहेगा. परिवार के सुख सुविधाओं संबंधी वस्तुओं के लिए भी शॉपिंग आदि हो सकती है. विद्यार्थियों की पढ़ाई व करियर से संबंधित कोई समस्या का समाधान मिलने से तनावमुक्त महसूस करेंगे. बातचीत के दौरान बहस की स्थिति में ना पड़े. वरना इसका असर रिश्ता पर पड़ सकता है. इस समय आर्थिक कशमकश जारी रहेगी. अपने अंदर अहम की भावना ना आने दे. युवा वर्ग मौज मस्ती में अपना समय व्यर्थ ना करके अपने करियर पर ज्यादा ध्यान दें.

मीन राशिफल : सामाजिक गतिविधियों में अपना योगदान और उपस्थिति ना देने की वजह से आपके मान-सम्मान पर इस असर पड़ सकता है. इसका असर आपकी नींद और मानसिक शांति पर भी पड़ेगा. ज्यादा गुस्सा हावी होने से बचें. व्यवसाय में कुछ मंदी का असर दिखेगा. फिलहाल ज्यादा मुनाफा की उम्मीद ना रखें. प्रयास करने पर रुका हुआ पैसा मिल सकता है. किसी खास व्यक्ति की मदद से कोई राजकीय बाधा दूर होगी.



## बर्थडे पर विक्रम का फैंस को तोहफा 'थंगलान' का फर्स्ट लुक किया जारी

**चेन्नई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार्स में शुमार 'चियान' विक्रम का 17 अप्रैल को 57वां बर्थडे है। इस मौक पर उनकी आने वाली फिल्म 'थंगलान' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर के साथ ही मेकर्स ने 'थंगलान' के शूट का एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में विक्रम को पहचान पाना बहुत मुश्किल है। विक्रम ने थंगलान के किरदार के लिए खुद को जिस तरह से ट्रांसफॉर्म किया है, उसने हर किसी के होश उड़ा दिए हैं।

'थंगलान' के डायरेक्टर पा रंजीत ने फिल्म का ऑफिशियल पोस्टर शेयर करते हुए 'चियान' विक्रम को बर्थडे विश किया है। पोस्टर में विक्रम बेहद खतरनाक लग रहे हैं। पा. रंजीत ने पोस्टर शेयर कर ट्वीट किया, 'हैप्पी बर्थडे मेरे थंगलान चियान विक्रम।

लाइफ Style

## शहनाज गिल खुद को बताया महंगी



पंजाब की कटरीना यानी शहनाज गिल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री इस फिल्म से बॉलीवुड में अपनी फिल्मी पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। यह एक ऐसी फिल्म होने वाली है, जिसमें 'बिग बॉस 13' के बाद एक बार फिर सलमान खान और शहनाज एक साथ स्क्रीन पर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।


**मुंबई।** फिल्म की रिलीज डेट जैसे-जैसे पास आ रही है, वैसे-वैसे ही फिल्म का प्रमोशन रफ्तार पकड़ रहा है। इस प्रचार-प्रसार में शहनाज भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और कई खुलासे भी कर रही हैं।

इसी क्रम में हाल ही में अभिनेत्री ने 'बिग बॉस 13' के दिनों को याद किया और अपनी फीस के बारे में भी बात की।


'बिग बॉस 13' के दौरान शहनाज गिल सबकी फेवरेट बन गई थीं। अभिनेत्री को देश के घर-घर में पहचाने जाने लगा था। एक्ट्रेस ने अपनी हरकतों से लाखों दिल जीता था। शहनाज को उनके जिंदादिल बर्ताव की वजह लोगों ने खूब पसंद किया था। 'बिग बॉस 13' के बाद, उन्होंने कुछ शो, म्यूजिक वीडियो और फिल्में में काम किया। लेकिन क्या आपको पता है कि सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो में शहनाज गिल सबसे कम फीस लेने वाली कंटेस्टेंट हुआ करती थीं। यह बात हम नहीं बल्कि खुद शहनाज द्वारा द कपिल शर्मा शो में कबूली गई है। शो पर शहनाज अपनी आगामी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को प्रमोट करने पहुंची थीं। जब कपिल शर्मा ने मजाक में शहनाज से पूछा कि क्या वह सलमान खान से कुछ बकाया पैसे लेने के लिए 'किसी का भाई किसी की जान' में शामिल हुई हैं। इस पर शहनाज ने कहा, 'बीबी 13 में तो मुझे बहुत ही कम फीस मिली थी। सबसे सस्ती मैं ही थी और अब सबसे मेहंगी बन के निकली हूं।

हॉलीवुड मसाला

## हालीवुड फिल्में लुभाती हैं भारतीय दर्शकों को




**नई दिल्ली।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शकों की संख्या करोड़ों में है। 'अवतार' और 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन इस तथ्य को साबित भी करता है। ऐसी कई हॉलीवुड है जिनका भारत में बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब तक सबसे ज्यादा है। 'अवतार द वे ऑफ वाटर' पिछले साल रिलीज हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म ने भारत में 378.22 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 'एवेंजर्स एंडगेम' 2019 में रिलीज हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने भारत में करीब 373.22 करोड़ रुपये कमाए थे।



## जॉन सीना ने 'हेड्स ऑफ स्टेट' से जुड़ीं प्रियंका का किया स्वागत

**न्यूयार्क।** प्रियंका चोपड़ा की सक्सेस के सितारे इन दिनों बुलंदियों के शिखर पर हैं। एक्ट्रेस फिलहाल अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'सिटाडेल' के प्रमोशन के सिलसिले में मुंबई आई हैं। वहीं, बीते दिन एक्ट्रेस ने अपने फैंस को एक और बड़ी खुशखबरी सुनाई। ग्लोबल आईकन जल्द ही डब्लूडब्लूई चैंपियन जॉन सीना संग फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में काम करने जा रही हैं। इस खबर के सामने आने के बाद से ही उनके फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर हैं। इसी बीच जॉन सीना भी प्रोजेक्ट के लिए ख़ुशी जाहिर करते हुए प्रियंका की तारीफों के पुल बांधते नजर आए हैं। जॉन सीना ने बकायदा ट्वीट कर प्रोजेक्ट 'हेड्स ऑफ स्टेट' से जुड़ने के लिए अपनी खुशी जाहिर की है। डब्लूडब्लूई चैंपियन ने अपने ट्वीट में लिखा है, 'ऐसी ड्रीम टीम को इकट्ठा करने के लिए अमेजन स्टूडियो को धन्यवाद।



## रणवीर को मिला भंसाली का साथ, फिल्म 'बैजू बावरा' में दिखाई देंगे

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इंडस्ट्री के पॉपुलर स्टार्स में से एक हैं। एक्टर की कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार फ्लॉप ही रही है। साल 2021 में एक्टर की 83 रिलीज हुई थी। इसके साल 2022 में जयेशभाई जोरदार और सर्कस आई थी। ये तीनों फिल्में ही बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिट गई। इन फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद यशराज फिल्म्स ने रणवीर को कुछ समय के लिए साइन करने से मना कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आदित्य चोपड़ा के एक बहुत ही करीबी ने इस बात की जानकारी दी है, कि रणवीर सिंह संजय लीला भंसाली की अपकमिंग मूवी 'बैजू बावरा' में नजर आएंगे. रणवीर सिंह संजय के साथ पहले भी 'पद्मावत' के साथ कई सुपरहिट मूवीज में काम कर चुके हैं। रणवीर सिंह और संजय लीला भंसाली की जोड़ी कई बार साथ आ चुकी है। ये शानदार जोड़ी जितनी बार भी साथ आई है, उतनी बार फिल्मी पर्दे पर धमाल मचा चुकी है। अब ये देखना दिलचस्प रहेगा कि ये जोड़ी 'बैजू बावरा' में मिलकर कैसा धमाल मचाएगा।



## अपनी छवि पर खुलकर बोलीं जीनत, कहा- मैं दिल से देसी


**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रहीं जीनत अमान ने जब से इंस्टाग्राम डेब्यू किया है, तब से वह अपने फैंस के साथ कई तरह की कहानियां और किस्से के साथ राय साझा करती हैं। अक्सर वह फैंस के साथ अपनी पुरानी तस्वीरें साझा करती हैं। हाल ही में जीनत अमान ने वेस्टर्न ग्लैमर का विरोध करते हुए पारंपरिक परिधान में अपनी तस्वीर साझा की। साथ ही फैंस के साथ अपना पसंदीदा खाना भी साझा किया। आज जीनत अमान ने अपने इंस्टाग्राम पर नीले रंग का कुर्ता पहने और बिंदी लगाए अपनी प्यारी तस्वीर साझा की और बताया कि वह कैसे वेस्टर्न ग्लैम से जुड़ी हैं, लेकिन असल में वह देसी हैं। तस्वीर के साथ कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, 'कपड़े ही वह सब नहीं होते, जो औरत को बनाते हैं या उनके बारे में बताते हैं। आप मुझे वेस्टर्न ग्लैम से जोड़ सकते हैं, लेकिन मैं उतनी ही देसी हूं । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं दुनिया में कहां घूम रही हूं, दो दिनों के अंदर मुझे घर के खाने की याद आने लगती है और मैं एक भारतीय रेस्टोरेंट की तलाश में निकल जाती हूं।'

टीवी मसाला

## अपनी मनमानी और रवैये के वजह से शो के बीच से आउट हुए ये टीवी स्टार्स

**मुंबई।** इन दिनों टेलीविजन स्टार्स पॉपुलैरिटी के मामले में बॉलीवुड स्टार्स से कम नहीं हैं। टीवी शोज में अपनी दमदार एक्टिंग से कई सितारे ने फैंस का दिल जीत लिया तो कइयों को अपने खराब बर्ताव की वजह से शो से हाथ धोना पड़ा। आइए जानते हैं टीवी के कुछ ऐसे ही कलाकारों के बारे में जिसकी वजह से मेकर्स ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### पारस कलनावत



टीवी के पॉपुलर शो 'अनुपमा' से फेमस हुए पारस कलनावत ने शो बीच में ही छोड़ना पड़ा क्योंकि उन्होंने दूसरे शो को साइन कर लिया था। शो के प्रोडक्शन हाउस ने उनपर आरोप कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

### करण सिंह ग्रोवर




टीवी के चर्चित शो 'कुबूल है' के लीड एक्टर करण सिंह ग्रोवर को उनके गुस्से और अनप्रोफेशनल बिहेवियर की वजह से शो के मेकर्स ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

### गुरुचरण सिंह



पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सोधी का रोल प्ले करने वाले गुरुचरण सिंह को ज्यादा पैसों की लालच की वजह से शो से हाथ धोना पड़ा था। शो के प्रोड्यूसर्स ने उनकी इस मांग को खारिज कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### ऋषभ सिन्हा



ऋषभ सिन्हा को भी 'कुबूल है' से इसलिए निकाल दिया गया क्योंकि प्रोड्यूसर्स उनके बर्ताव से खुश नहीं थे। इसके अलावा उन्होंने एक और शो साइन कर लिया था, जिसकी वजह से शो के मेकर्स ने उनके खिलाफ लीगल एक्शन भी लिया और शो से बाहर निकाल दिया।

### अंकिता लोखंडे



टीवी की जानी मानी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे को 'कॉमेडी सर्कस' से उनके अनप्रोफेशनल बिहेवियर की वजह से बाहर निकाल दिया गया था। अंकिता शो के सेट पर देरी से आती थीं, जिसकी वजह से मेकर्स ने तंग आकर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## रिया चक्रवर्ती के सपोर्ट में उतरे प्रिंस नरूला, बोले- खुद को साबित करें

मुंबई। रिया चक्रवर्ती एक बार फिर से सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, रिया चक्रवर्ती एक बार फिर से दर्शकों के सामने आ गई हैं। वह अपने काम पर वापस लौट गई हैं। एक्ट्रेस जल्द ही रोडीज के सीजन 19 में नजर आने वाली हैं, जिसको लेकर वह काफी ज्यादा चर्चा में बनी हुई हैं। आपको बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद से एक्ट्रेस फिल्मों से गायब हो गई थी। एक्टर की आत्महत्या के बाद वह किसी भी फिल्म या फिर प्रोजेक्ट में नजर नहीं आई थीं, जिसके बाद वह अब रोडिज से वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी के बाद ज्यादातर लोग उनके खिलाफ बोलते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन एक्टर प्रिंस नरूला ने रिया का साथ दिया है।



दरअसल, रिया रोडीज के जरिए पर्दे पर वापसी कर रही हैं। वह रोडीज के सीजन 19 में जज के तौर पर नजर आने वाली हैं। साथ ही हर बार की तरह प्रिंस नरूला भी शो के जज रहेंगे। प्रिंस नरूला ने रिया का साथ देते हुए कहा है कि यह शो उनके लिए लोगों तक अपना मैसेज पहुंचाने का सबसे सही प्लेटफॉर्म है। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि सुशांत के केस के बाद से रिया एक बार फिर से लोगों की नजरों में आ गई हैं। साथ ही यूजर्स रिया को लगातार ट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह अपने और रिया के बीच किसी कॉम्पिटिशन को लेकर परेशान नहीं थे। उन्होंने कहा कि शो का जो भी जज होगा वह दर्शकों की अपनी पसंद होगी।

## सुपरस्टारों की चमक भी चला नहीं पाईं बड़े बजट की फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्में आज कल दर्शकों के बीच काफी लोकप्रियता बटोर रही है। आज के दर्शक केवल फिल्म की में अभिनेता ही नहीं बल्कि अच्छी कहानी की भी मांग कर रहे हैं। इस इंडस्ट्री में बीते कुछ समय में कई ऐसी फिल्में आई हैं, जिनकी कहानियां, निर्देशन दर्शकों पसंद नहीं आई है। इन फिल्मों में जिन किरदारों को चुना गया वह उनमें फिट भी नहीं बैठे। ऐसे में ये फिल्में बड़े पर्दे पर औंधे मुंह गिर गईं। तो चलिए जानते हैं वो कौन सी फिल्में थी।



बड़े चेहरों के बावजूद दर्शकों ने नकार दिया इन फिल्मों को

### 'सम्राट पृथ्वीराज'

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह विफल रही थी। इस फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया था। यह फिल्म तीन जून 2022 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय की भूमिका को दर्शकों ने सिरे से खारिज कर दिया था। खिलाड़ी कुमार पृथ्वीराज के किरदार में बिल्कुल फिट नहीं बैठे थे।

### सेल्फी

बॉलीवुड के रोमांटिक एक्टर इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी दर्शकों को कुछ खास नहीं भाई। हालांकि, यह कोई पहली बार नहीं था, जब इमरान की फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई। इससे पहले साल 2016 में हुआ था, जब वे इंडियन क्रिकेट टीम के कैप्टन मोहम्मद अजहरुद्दीन के किरदार पर बेस्ड फिल्म 'अजहर' में नजर आए थे। इस फिल्म में वह क्रिकेटर के किरदार में फिट नहीं बैठे और यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हो गई थी।

### कलंक

फिल्म कलंक मेगा स्टार से सजी फिल्म थी। इस फिल्म का दर्शकों ने काफी इंतजार किया था। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को उनका ड्रीम प्रोजेक्ट भी कहा गया था। माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, आदित्य कपूर, वरुण धवन सभी किरदारों में बिल्कुल फिट नहीं हुए। वरुण का लुक दर्शकों को बिल्कुल नहीं भाया। नतीजन फिल्म टिकट खिड़की पर पानी मांगती नजर आई।


### 'ठग्स ऑफ हिंदुस्तान'

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमिर खान की फ्लॉप फिल्मों में 'ठग्स ऑफ हिंदुस्तान' भी शुमार है। फिल्म में आमिर खान का किरदार हो या फिर अमिताभ बच्चन का, ऑडियंस को न कुछ समझ आया और ना कुछ पसंद आया। लेखक ना कहानी सही से गढ़ सके और किरदारों के अजीबो गरीब लुक ने इसे फ्लॉप लिस्ट में शुमार कर दिया।

अभिनेत्री ललिता पवार मूक फिल्मों से सवाक फिल्मों तक के दौर में दिया अपना योगदान

## क्रूर सास की छवि ऐसी बनाई कि दर्शकों का उलाहना तक मिली पर्दे पर

**मुंबई।** कुछ किरदार और कलाकार ऐसे होते हैं जो जेहन में जिंदगी भर के लिए छाप छोड़ देते हैं। ऐसी ही एक कलाकार थीं ललिता पवार। वो ललिता पवार जिसने जब मां का रोल किया तो दर्शकों को रुला दिया और जब मंथरा जैसी कपटी दासी का किरदार निभाया तो मन में नफरत और गुस्से की भी भावना जगा दी। यह ललिता पवार के अभिनय का ही कमाल था, जो उस हादसे पर भी भारी पड़ गया था, जिसके कारण उन्हें हमेशा के लिए अपनी एक आंख गंवानी पड़ी थी।



ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को नाशिक के रूढ़िवादी परिवार में हुआ था। उनका जन्म का नाम अंबा लक्ष्मण राव शगुन था। बताया जाता है कि ललिता पवार की मां अनसूया मंदिर गई थीं। लेकिन मंदिर के गेट पर पहुंचते ही उन्हें प्रसव पीड़ा होने लगी। इतना वक्त नहीं था कि अस्पताल लेकर जाया जाता है। और फिर उन्होंने मंदिर के बाहर ही बेटी को जन्म दे दिया, जो बड़ी होकर ललिता पवार के नाम से मशहूर हो गई। ललिता बचपन से ही बहुत सुंदर थीं। उनकी आंखें बेहद खूबसूरत थीं।

ललिता पवार एक रईस परिवार से थीं। ललिता पवार के पिता सिल्क का बिजनस करते थे और अच्छी कमाई करते थे। लेकिन संपन्न परिवार से होने के बावजूद ललिता पवार पढ़ नहीं पाईं। ललिता पवार का शुरुआत में ऐक्टिंग से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। बताया जाता है कि जब एक बार वह एक फिल्म स्टूडियो गईं तो वहां उन्होंने एक डायरेक्टर से फोटो खींचने को कहा। ललिता पवार देखना चाहती थीं कि वह कैसी दिखती हैं। तभी से ललिता के मन में ऐक्टिंग करने और फिल्मी पर्दे पर आने की ललक जाग उठी। यही ललक ललिता पवार को फिल्मों की दुनिया में ले आई। ललिता पवार ने मात्र 9 साल की उम्र में ऐक्टिंग की दुनिया में कदम रखे। उनकी पहली फिल्म 1928 में आई 'राजा हरीशचंद्र' थी।

ललिता पवार ने इसके बाद आने वाली कई मूक फिल्मों में काम किया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। अपने 70 साल लंबे ऐक्टिंग करियर में ललिता पवार ने 700 से भी अधिक फिल्मों में काम किया। इतने लंबे करियर के कारण ललिता पवार का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल कर लिया गया। साल 1942 में ललिता पवार ऐक्टर भगवान दादा के साथ फिल्म 'जंग-ए-आजादी' के लिए शूट कर रही थीं। एक सीन के शूट के दौरान भगवान दादा को ललिता पवार को थप्पड़ मारना था। लेकिन गलती से ललिता पवार को थप्पड़ कान पर लग गया। इस कारण उनकी आंख के पास की नस फट गई।

### मौत के वक्त कोई नहीं था पास



पति और बेटे के साथ

बताया जाता है कि जब ललिता पवार की मौत हुई तो घर पर परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था। ललिता पवार ने पुणे स्थित अपने बंगले में रह रही थीं और वहीं आखिरी सांस ली। जब ललिता पवार के बेटे ने फोन किया तो किसी ने भी फोन नहीं उठाया। परिवार के लोगों को जैसे ही खबर मिली कि ललिता पवार फोन नहीं उठा रही हैं तो घरवाले तुरंत भागे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ललिता पवार इस दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। ललिता ने 24 फरवरी 1998 को 81 साल की उम्र में आखिरी सांस ली।

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से फिर गई एक जान, विफल साबित हुए मंत्री इस्तीफा दे : रंजना साहू

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विधायक रंजना साहू ने पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से बिलासपुर में मंगला लोखंडी के बीच सड़क के गड्ढे में गिरकर एक दूध कारोबारी की मौत पर मुख्यमंत्री से पर्याप्त मुआवजे की मांग करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने सड़क पर गड्ढा खुला छोड़ दिया था। जिससे यह हादसा हुआ।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विधायक रंजना साहू ने कहा कि ताम्रध्वज साहू से न तो गृह विभाग संभल रहा है और न ही लोक निर्माण विभाग। पूरे छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि बस्तर में स्थिति में सुधार हुआ है जबकि उनके ही विधायक के काफिले पर बीजापुर में हमला हो गया। गृहमंत्री के रूप में ताम्रध्वज साहू के सारे दावे खोखले साबित हुए हैं। लोक निर्माण मंत्री के रूप में उनके विभागीय कार्य का प्रदर्शन यह है कि उनके स्वयं के सरकारी आवास की दीवार साल में दो बार गिर जाती है। पूरे छत्तीसगढ़ की सड़कों की हालत जर्जर है। सड़क गड्ढों में बदल चुकी है। स्थिति यह है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दौरान एक युवा खिलाड़ी को खराब सड़क के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। वह समय पर रायगढ़ अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। बस्तर की एक खिलाड़ी बेटी भी शिकार हुई।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विधायक रंजना साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में आए दिन खराब सड़कों के कारण लोग हताहत हो रहे हैं। सड़कों की दुर्दशा का मामला उठाए जाने पर लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए स्तरहीन टिप्पणी करते हैं। सड़क पर खुला गड्ढा छोड़ने के कारण छत्तीसगढ़ के एक नागरिक की जान फिर चली गई। जिसके लिए सीधे तौर पर लोक निर्माण मंत्री जिम्मेदार हैं और उनसे अधिक जिम्मेदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं जो छत्तीसगढ़ की सड़कों को सुधारने के लिए कोई व्यवस्था नहीं कर रहे। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और कर्तव्य निर्वहन में विफल साबित हो रहे लोक निर्माण मंत्री को बर्खास्त किया जाए। ताम्रध्वज साहू में नैतिकता हो तो वे अपनी विफलता स्वीकार कर स्वयं इस्तीफा दें। जब टीएस सिंहदेव से पंचायत विभाग नहीं सम्हला तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अब ताम्रध्वज उनका अनुकरण करें।

# लुटिया डुबोने वाले ही स्टार प्रचारक, क्योंकि कांग्रेस में नेताओं का अकाल

**मरकाम को कौशिक का करारा जवाब**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि मरकाम अपनी डूबती नैया और देश भर में कांग्रेस के अस्तित्व पर आए संकट की चिंता करने की बजाय भाजपा के बारे में फिजूल की टीका टिप्पणी करने में वक्त बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस में नेताओं का अकाल है। इसलिए देश भर में पिटे पिटाये मोहरे स्टार प्रचारक के तौर पर पेश करना उसकी मजबूरी है। राहुल गांधी पूरे देश में कांग्रेस को हरवाते रहते हैं। उसके बाद भी स्टार प्रचारक हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस के उम्मीदवारों की जमानत जप्त करवाती है तो भी स्टार प्रचारक होती है। भूपेश बघेल जहां भी जाते हैं वहां कांग्रेस की लुटिया डुबा आते हैं। जबकि भाजपा के पास देश के सर्वाधिक मुख्यमंत्री हैं। ढेर सारे केंद्रीय मंत्री हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं। संगठन के अन्य प्रभावशाली नेता हैं। भाजपा के पास नेताओं की कमी नहीं है। हम कार्यकर्ता आधारित पार्टी हैं। कांग्रेस बैसाखियों के सहारे है। भाजपा में समय-समय पर सभी को जिम्मेदारी मिलती है। जबकि कांग्रेस में सब चले हुए कारतूस हैं जो अब किसी काम के नहीं हैं। ऐसे में मरकाम भाजपा के ऊपर बयान देने की बजाय अपने गिरेबान में झांक लें।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मरकाम द्वारा भाजपा पर दंगे भड़काने का आरोप लगाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दबाव में ऐसा बोल रहे हैं। पूरे प्रदेश की जनता जानती है कि बिरनपुर में क्या हुआ। बिरनपुर में तुष्टिकरण की भेंट चढ़े भुनेश्वर साहू के पिता का बयान है कि हमलावर उनके पूरे खानदान और समुदाय को काट देने की धमकी दे रहे थे। ऐसा धमकाने वाले आज भी जेल के बाहर हैं। पकड़े नहीं गए तो सांप्रदायिक सद्भाव कौन खराब कर रहा है? कौन तुष्टीकरण कर रहा है? कौन संप्रदायिक सद्भाव खराब करने वालों को संरक्षण दे रहा है, यह तो स्पष्ट हो गया है। अगर कांग्रेस सांप्रदायिक सद्भाव बनाना चाहती है तो जिन्होंने उन्माद फैलाया, उनको पकड़ा क्यों नहीं गया।

# डॉ. रमन ने अमित शाह और ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखा पत्र

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्र सरकार को 2 पत्र लिखे जिसमें उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 1992 से आरक्षण से वंचित छत्तीसगढ़ के महार/मेहरा/मेहर जाति को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति की सूची में प्रतिस्थापित करने का आग्रह किया है। पूर्व सीएम रमन सिंह ने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ राज्य में महारा/महरा जाति को छत्तीसगढ राज्य अनुसूचित जाति की सूची के सरल कमांक 33 में महार/मेहरा/मेहर के साथ प्रतिस्थापित करने हेतु समाज के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन प्रस्तुत किया है। उन्होंने विशेष ध्यान देते हुए उल्लेखित किया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग में महारा समुदाय की जनसंख्या लगभग 6 लाख से अधिक है, जो वर्ष 1992 से आरक्षण से वंचित हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने महरा, माहरा समुदाय को छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जातियों की सूची में महार, मेहरा, मेहर की पर्यायवाची के रूप में शामिल करने की अनुशंसा प्रस्ताव दिनांक 07.12.2021 23.12.2021. 10.01.2022 और 28.01.2022 अनुसार की है, एवं प्रक्रिया अनुसार भारत के महारजिस्ट्रार एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने प्रस्ताव का परीक्षण कर सहमति व्यक्त कर दी है। जिसमें कि भारत सरकार राजपत्र दिनांक 18.12. 2002 अनुसार पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार में महार, मेहरा, मेहर, महारा को अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखने की मान्यता प्रदान कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस की दी बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री बघेल ने 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस के अवसर पर जनसम्पर्क के कार्य से जुड़े सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में आम लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए जनसम्पर्क एक प्रभावी माध्यम है। जनसम्पर्क प्रशासन को अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी बनाता है जिससे सुशासन सशक्त बनता है। जनसम्पर्क लोगों तक सही जानकारी पहुंचाकर और उन्हें भ्रामक खबरों से सावधान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# मोहन मरकाम, विजय जांगिड़ ने की दुर्ग संभाग बूथ कमेटियों की समीक्षा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव विजय जांगिड़ ने दुर्ग संभाग के विधायकों, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लिया। बैठक में सभी ब्लॉकों में बूथ कमेटियों के गठन की समीक्षा किया गया। जिन ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र के बूथ कमेटियों की सूची को जमा किया। उनका वहीं पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने फोन करके भौतिक सत्यापन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा एक-एक बूथ एक-एक ब्लॉक अध्यक्ष जिलाध्यक्ष और एक-एक विधायकों से और प्रभारी महासचिव से संवाद कर बूथ गठन और उसकी भौतिकता पर जानकारी ली। 15 से 20 बूथ प्रभारियों को फोन लगाकर बूथ अध्यक्षों को फोन लगाकर क्रॉस चेक किया और जिसमें 90 परसेंट रिजल्ट आया। अभी तक जिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अपने क्षेत्र की बूथ कमेटियों का गठन नहीं किया है उनसे कहा गया है कि 28 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से बूथ कमेटियों का गठन कर प्रदेश कांग्रेस को जमा करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि बूथ कमेटियों के गठन को सभी जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों को गंभीरता से लेना है 90 प्रतिशत से अधिक गठन हो गया शेष को शीघ्र 28 अप्रैल तक पूरा करना है। हमें हर हाल में मई माह से बूथ कमेटियों के प्रशिक्षण के काम को पूरा करना है। बूथ कमेटियों की मजबूती ही हमारी सरकार की 2023 में फिर से वापसी को सुनिश्चित करेगा। इस काम में कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रभारी सह सचिव विजय जांगिड़ ने सभी पदाधिकारियों से जिम्मेदारीपूर्वक दिये गये टास्क को पूरा करने का निर्देश दिया। हर बूथ कमेटी का भौतिक परीक्षण किया जा रहा है। बूथ कमेटी की मजबूती से ही पार्टी मजबूत होगी। कार्यक्रम का समन्वयव महामंत्री एवं बूथ कमेटी के प्रभारी अरुण सिसोदिया ने किया। बैठक में बेहतर काम करने के लिये ब्लॉक अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी और प्रभारी महासचिव शाहिद भाई का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सम्मान कर प्रोत्साहित किया। बैठक में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, विधायक अरुण वोरा, विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक छन्नी साहू, ममता चंद्राकर, इंद्रशाह मंडावी, बूथ कमेटी के प्रभारी महासचिव अरुण सिसोदिया, महामंत्री गण थानेश्वर पाटिला, शाहिद खान, आर.एन. वर्मा, जितेन्द्र कुमार साहू, लालजी चंद्रवंशी, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष निर्मल कोसरे, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, मुकेश चंद्राकर, पदम सिंह कोठारी, संजीव गोमास्ता, नीलकंठ चंद्रवंशी, जिला महामंत्री राजीव गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, प्रमोद कुमार प्रभाकर, मुकुंद कुमार, नंद कुमार सेन, रामा विश्वकर्मा, नवीन जायसवाल, चेतन दास साहू, अब्दुल खान, अशोक बाम्बेश्वर, गोपाल राम प्रजापति, कोदूराम, सुमन गोस्वामी, रामेश्वर देवांगन, लुकेश वर्मा, महिप सिह भुवाल, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, होरी राम साहू, रामचरण पटेल, राजेश ठाकुर, दानेश्वरी साहू, पप्पू चंद्राकर, प्रमोद सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रवक्ता विजय डूंडे उपस्थित थे।

## छः वारंटियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज ।एनबीडब्ल्यू वांरट जारी होने के बाद न्यायालय में हाजिर ना हो रहे आधा दर्जन वारंटियो को बुद्ववार को मोहनलालगंज पुलिस की अलग-अलग टीमो ने घरो पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया ।इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया वारंटियों की गिरफ्तार के लिये ? बुधवार को पुलिस टीमो के साथ अभियान चलाकर श्यामलाल निवासी दहियर, शिवराज ,नीरज, परीदीन निवासीगण जैतीखेड़ा, परीदीन व प्रकाश निवासीगण उदवतखेड़ा मजरा खुजौली थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी वारंटियों को जेल भेज दिया गया।

## देशी शराब की दुकान के सेल्समैन को पीटा, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के गौरा में देशी शराब की दुकान के सेल्समैन की पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद के बाद तीन युवको ने बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ।पीड़ित सेल्समैन की तहरीर पर पुलिस तीन आरोपियों के विरूद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है ।उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र के धीरखेड़ा निवासी रचित विश्वकर्मा ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया मोहनलालगंज के गौरा गांव में स्थित देशी शराब के ठेके में वो सेल्समैन है, बीते मगंलवार की दोपहर 2:00बजे के करीब दुकान पर शराब खरीदने आये जीतू, अखिलेश, ललित निवासीगण बिन्दौवा से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद तीनो ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर घायल कर जान से मारने की धमकी देते हुये तीनो आरोपी मौके से भाग निकले ।इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित सेल्समैन की तहरीर पर तीनो आरोपियों के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की समन्वय बैठक में लक्ष्य प्राप्ति पर गहन मंथन

**सभी विभाग व स्टेक होल्डर आपसी सहयोग और सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम करें : डॉ. हीरा लाल**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। बुधवार को उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की समन्वय बैठक अपर परियोजना निदेशक डॉ. हीरा लाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें परियोजना की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रथम 95 के लक्ष्यों की प्राप्ति पर भी विचार किया गया। बैठक मे सोसायटी स्तर के सभी उच्चाधिकारियों, सहयोगी विभागों व पार्टनर एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान डॉ. हीरा लाल के सामने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के वर्तमान आंकड़े प्रस्तुत किए गए। बताया गया कि नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (नाको) द्वारा उत्तर प्रदेश मे 1.78 लाख एचआईवी संक्रमितों का आंकड़ा दिया गया है। इसके सापेक्ष सोसाइटी द्वारा 70 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर औसत 77 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हुई है। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2025-26 तक प्रत्येक दशा में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाए। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, टीबी सेल और सभी स्टेक होल्डर प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की गयी और उनसे कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाने के बारे में आवश्क सुझाव भी लिये गये। डॉ. हीरा लाल ने कहा- सभी विभाग और स्टेक होल्डर आपसी सहयोग और सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम करें तभी हम समय पर उद्देश्यों में सफल हो पाएंगे। लक्ष्यों को नाको द्वारा दी गयी समयावधि से पहले ही पूरा करें। प्रदेश के प्रमुख जनपदों जैसे -लखनऊ और प्रयागराज में प्रथम 95 के लक्ष्य के सापेक्ष वृहद कार्य योजना बनाते हुए काम किए जाने की जरूरत है। प्रचार प्रसार गतिविधियों को भी बढ़ाया जाए और महाविद्यालयों के युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ा जाए। इसके लिए क्षय रोग इकाई के साथ काम कर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्मिकों और अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। डॉ. लाल ने निर्देश दिया कि एचआईवी/टीबी स्टेट टेक्निकल वर्किंग ग्रुप ऑन टीबी को मार्बिडिटी बैठक भी जल्द से जल्द करायी जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा परीक्षण के लिए डुअल किट्स की खरीद प्रक्रिया भी अति शीघ्र पूरी किया जाना आवश्यक है।

# युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**फरार तीन आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी पुलिस टीमें**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ ।मोहनलालगंज के डेबरिया गांव में छः दिन पहले युवक रामकरन की लाठी-डंडो से पीट-पीट कर हत्या के दो आरोपी अमित व गंगाविशुन निवासीगण डेबरिया मजरा भरसवा को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फरार अन्य तीन आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी है ।ज्ञात हो मोहनलालगंज के डेबरिया गांव निवासी रामकरन का पड़ोस में रहने वाली युवती से बीते कई सालो से प्रेम प्रसंग चल रहा, लेकिन इसी बीच परिजनो ने युवती का विवाह कही ओर तय कर दिया, जिसकी भनक रामकरन को लगी तो प्रेमिका समेत उसके घरवालो पर शादी के लिये दबाब बनाने के साथ परेशान करने लगा, जिससे नाराज युवती के पिता उमाशंकर ने अपने भाई शत्रोहन, अमित, गंगाविशुन, दयाशंकर उर्फ प्रदीप, जमुना के साथ मिलकर लाठी-डंडो से पीट-पीट कर 14अप्रैल को हत्या कर दी थी। मृतक के पिता कालिका कि तहरीर पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस की कई टीमें आरोपियों की धरपकड़ के लिये लगाई गयी थी? ।बुद्ववार को पुलिस ने आरोपी अमित व गंगाविशुन को आलाकत्ल डंडा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है ।मुख्य आरोपी उमाशंकर को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

# लखनऊ में नवाब मीर जाफर अब्दुल्लाह सुपुर्द-ए-खाक

**आखिरी विदाई देने के लिए जुटी भीड़, पत्नी की कब्र के पास दफनाया गया**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, लखनऊ में बुधवार रात को नवाब मीर जाफर अब्दुल्लाह को सुपुर्दे खाक कर दिय गया। हुसैनाबाद स्थित उनके घर से जनाजा तालकटोरा करबला ले जाया गया। इस दौरान उनके भाई नवाब मसूद अब्दुल्लाह समेत कई रिश्तेदार और शहर के लोग मौजूद रहे। नवाब साहब को आखिरी विदाई देने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। सबसे पहले जनाजा घर से निकलकर सतखंडा मैदान पहुंचा। जहां सभी ने जनाजे की नमाज अदा की। फिर जनाजा वैन की तरफ ले जाया गया। इस दौरान सभी लोग जनाजे को कंधा देने के लिए बेताब दिखे। वहां से जनाजे को तालकटोरा स्थित करबला ले जाया गया। करबला में पहुंचने के बाद मजलिस हुई। जिसके बाद उन्हें पत्नी की बगल वाली कब्र में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसी करबला में उनके पिता की कब्र भी मौजूद है। इस दौरान सभी रिश्तेदार गमगीन दिखे। संतानों में नवाब मीर जाफर अब्दुल्लाह की तीन बेटियां हैं, जिसमें सभी शादी शुदा हैं। नवाब मीर जाफर अब्दुल्लाह की पहचान लखनऊ के नवाब होने के साथ ही हेरिटेज लवर के रूप में भी है। उनके भाई उन्हें लखनऊ के हेरिटेज और गंगा जमुनी तहजीब के ब्रांड एंबेसडर कहते हैं। लखनऊ से जुड़ा कोई भी किस्सा उनके बिना अधूरा है। उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया है। जिसमें इशकजादे और गुलाबो सिताबो जैसी फिल्में शामिल हैं।

# यातायात बाधित कर नहीं होंगे कोई धार्मिक आयोजन

**तय स्थान पर हों धार्मिक कार्यक्रम...न शुरू हो कोई नई परंपरा : संजय प्रसाद**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




लखनऊ, प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के गुरुवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी आरके विश्वकर्मा और स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें मौजूद सभी एडीजी जोन, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी को हर हाल में कानून का पालन कराने के दिशा-निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी त्योहार शांति और सौहार्द के माहौल के बीच संपन्न हों। हमें अपने इस दायित्व के प्रति सदैव सतर्क-सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। आगामी 22 अप्रैल को ईद-उल-फितर, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व एक ही दिन होना संभावित है। वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों के दृष्टिगत सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। प्रमुख सचिव गृह ने निर्देश दिए कि फील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों। किसी भी दशा में सड़क मार्ग, यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई शोभायात्रा/धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति केवल उन्हीं धार्मिक जुलूसों को दिया जाए, जो पारंपरिक हों, नए आयोजनों को अनावश्यक अनुमति न दी जाए। प्रमुख सचिव गृह ने सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत भी बताई। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर तत्काल रिस्पॉन्स दें। एक छोटी सी अफवाह माहौल खराब करने का बड़ा कारण बन सकती है। अफवाह/फेक न्यूज का खंडन पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाए। डीजीपी आरके विश्वकर्मा जी ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व और त्योहार के बीच सामाजिक सौहार्द बना रहे इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करे। वरिष्ठ अधिकारी भी पेट्रोलिंग में प्रतिभाग करें। हर संदिग्ध गतिविधि पर हमारी नजर होनी चाहिए।

## खेलो इंडिया के तहत हर्रा टिकरा में फुटबॉल चयन ट्रायल का आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इण्डिया योजना अंतर्गत खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन के लिए खेलो इण्डिया लघु केन्द्र योजना प्रारंभ की जा रही है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देषन एवं कलेक्टर इफ्फत आरा व जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया योजनांतर्गत सूरजपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत हर्राटिकरा खेल मैदान में फुटबॉल खेल का लघु केन्द्र स्थापित किये जाने हेतु चयन किया गया है। लघु केन्द्र हर्राटिकरा में केवल चयनित बालक व बालिका खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। खेल मैदान हर्राटिकरा में चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। चयन ट्रायल में केवल 09 से 17 वर्ष के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक व बालिका वर्ग से 18-18 खिलाड़ियों का चयन अंतिम रूप से किया गया। खिलाड़ियों का चयन मोटर एबिलिटी टेस्ट व फुटबॉल के स्किल टेस्ट के माध्यम से किया गया। लघु केन्द्र हर्राटिकरा में खिलाडियों को प्रशिक्षित करने की इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत इसका संचालन पूर्व चैम्पियन खिलाडियों के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिये फुटबॉल के इच्छुक पूर्व चैम्पियन खिलाड़ियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त पद हेतु 03 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका साक्षात्कार संयुक्त कार्यालय में किया गया। चयन ट्रायल व साक्षात्कार को सफल बनाने में संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय, जिला क्रिड़ा अधिकारी शरदेन्दु शुक्ला, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी, खेल अधिकारी श्री शबाब हुसैन, व्यायाम शिक्षक सोमेश लामा, राजकुमार नायक, अनमोल तिग्गा, पंकज डोंगरे, उजित मरकाम सहित जिला प्रषासन, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग आदि का विषेष सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

**0 ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्योहारों की संस्कृति एवं परंपरा का होगा संरक्षण**
**0 पंचायतो को दो किस्तों में मिलेगी 10-10 हजार रुपए की राशि**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सामुदायिक विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के तीज त्यौहार, संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेष बघेल द्वारा 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि' योजना प्रारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना का प्रारंभ करते हुए प्रदेष की जनता को योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रदेश के गैर-अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करना और इन त्यौहारों, उत्सवों का मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन करना है। सामुदायिक क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय उत्सवों, त्यौहारों, मेला-मड़ई का विशेष महत्व रहता है। ऐसे सभी उत्सवों, त्यौहारों, सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध करायी जायेगी। योजना की इकाई ग्राम पंचायत होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो किस्तों में 10-10 हजार रुपए दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पहली किश्त के रूप में आज योजना के अंतर्गत आने वाली सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। उन्होंने इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत



महत्वपूर्ण है। राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वों पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करें। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी - तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने बताया कि राज्य के मुखिया हमारे गांवों की रीति रिवाज पुरानी परम्परागत चलने वाले तीज त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए योजना बना रहे है। उन्होंने आज राषि निर्धारित कर ग्राम स्तर पर ग्रामीण अच्छे से त्यौहार मना सके इसलिए इस योजना का शुभारम्भ किया है। दूर दराज के गांव के किसान सहित सभी वर्गो को आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके ऐसी अनेक योजनाए हमारी सरकार ने बनाई है। जिन लोग योजनाओ का लाभ नहीं ले पा रहा है। इसके लिए लिए हम सबको मिलजुल कर प्रचार-प्रसार कर लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए। कलेक्टर इफ्फत आरा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस योजना का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि हमारे ज्यातर ग्रामीण अनुसूचित क्षेत्रों में रहते है, उनके तीज त्यौहार, मड़ई, मेला, देवगुडी, नवाखाई के परम्परा का संरक्षण करते हुए प्रोत्साहन करना है। मुख्यमंत्री की सभी योजना का फोकस गांव और किसान के उपर ज्यादा होता है। उन्होंने संवेदनषीलता के साथ यहा के लोक कला और संस्कृति तथा खेलकूद के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन जोरषोर हुआ। जिसमें महिलाए, बच्चे, बुजुर्ग, जवान सभी वर्गों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस योजना के द्वारा ग्राम स्तर पर दो किस्तों में 10-10 हजार रुपये दिया जायेगा। इस योजना का इकाई गांव होगा। ग्राम स्तरीय शासी निकाय में सरपंच संबंधित ग्राम पंचायत अध्यक्ष, पुजारी, सिरहा, गायता, गुनिया, बैगा सदस्य, ग्राम के दो बुजुर्ग सदस्य, ग्राम के दो महिला सदस्य, ग्राम कोटवार, पटेल सदस्य, सचिव, ग्राम पंचायत सदस्य। जनपद स्तरीय शासी निकाय होगी। इस योजना के कार्यक्रम में आये सभी को बहुत-बहुत बधाई। आयोजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप, श्रीमती सुमन सिंह, जनपद अध्यक्ष जगलाल सिंह, जनप्रतिनिधिगण, जिपं सीईओ लीना कोसम, तहसीलदार वर्षा बंसल, जनपद सीईओ आकांक्षा त्रिपाठी, आर एस सेंगर सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्यजन उपस्थित थे।

# मंदिर की सीढ़ियों से गिरकर युवक आहत, 108 टीम ने उपचार कर पहुँचाया अस्पताल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** गुरुवार को जिले के सुप्रसिद्ध देवी धाम कुदरगढ़ के मुख्य द्वार पर कुदरगढ़ मेला परिसर ट्रस्ट समिति के व्यवस्थापक सदस्य सीढ़ी से गिर गये। जिससे उन्हें चोटें आई थी। सूचना मिलने पर 108 की टीम वहां पहुँचीं और मौके पर घायल का प्राथमिक उपचार कर हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि कुदरगढ़ मेला परिसर ट्रस्ट समिति के व्यवस्थापक सदस्य नवीन दुबे पिता हरिशंकर दुबे उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम धुर मंदिर परिसर में ही देखरेख का कार्य करते हैं। जब वे सीढ़ी से नीचे उतर रहे थे तभी अचानक उनकी बैशाखी टूट गई और वे सीढ़ियों से नीचे गिर गए। इस हादसे में उनके कंधा में गंभीर चोट आई है। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने 108 में फोन कर एम्बुलेन्स की सहायता मांगी। 108 के कर्मचारी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ओमप्रकाश कुशवाहा व चालक अब्दुल अहद खान सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुँचे। एम्बुलेन्स कर्मचारियों ने स्ट्रेचर के सहयोग से आहत श्री दुबे को नीचे लेकर आये और सम्भव उपचार कर एम्बुलेन्स में शिफ्ट कर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र ओड़गी लेकर गए। जहां डॉक्टर ने तत्काल एक्सरे कर इलाज शुरू किया। फिलहाल आहत श्री दुबे का उपचार ओड़गी अस्पताल में किया आ रहा है।



# भाजयुमो नेता पर जानलेवा हमला करने वाला 1और आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, अब तक 6 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** भाजयुमो नेता पर प्राणघातक हमला करने के मामले में फरार एक ओर आरोपी को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि मामले में पांच आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार किए जा चुके है।दिनांक 28 फरवरी को भटगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम केवटाली जंगल में डोमनहील चिरमिरी निवासी रोहित सिंह और उसके साथियों के द्वारा रास्ता रोककर भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह व उसके साथियों को जान से मारने की धमकी देकर राड से प्राणघातक हमला किया गया। प्रार्थी अखण्ड प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर थाना भटगांव में धारा 341, 147, 148, 149, 506बी, 324, 323, 307, 115, 120बी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पूर्व में मामले के आरोपी संजय अग्रवाल, चंदन उर्फ चंद्रप्रकाश शर्मा, आफताब खान उर्फ गोलू व राकेश चौहान, विक्रम सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया था और अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। भटगांव पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी रोहित सिंह 29 वर्ष निवासी सोनामनी डोमनहील चिरमिरी, थाना चिरमिरी, जिला एमसीबी को घेराबन्दी कर पकड़ा गया। आरोपी के निशानदेही पर एक बोलेरो वाहन व रॉड जप्त कर उसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई सी.पी.तिवारी, बी.एम. गुप्ता, प्रधान आरक्षक करन सिंह नेताम, पूरनचंद राजवाड़े, आरक्षक नौशाद, संतोष जायसवाल, प्रकाश, प्रहलाद पैंकरा, मनोज, भोलाशंकर, प्रभाकर सिंह, भुनेश्वर पाटले, रौशन सिंह, युवराज यादव, ताराचंद यादव, रामचंद राम, विश्वरंजन सिंह व विनोद प्रताप सिंह सक्रिय रहे।




# सांसद ने किया विशाल को प्रतिनिधि नियुक्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** सरगुजा संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने नगर के युवा भाजपा नेता विशाल गुप्ता को विद्युत विभाग जिला सूरजपुर का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विशाल बतौर सांसद प्रतिनिधि विद्दयुत विभाग से सम्बंधित शासकीय कार्यों व बैठकों में सांसद की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।




## कार्यालय कलेक्टर ( आदिवासी विकास ) जिला एम.सी.बी. ( छ.ग. )

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर-07836-232859 E-mail-actd.koriya@nic.in

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / निर्माण / न.क्र.-400-2 / 2023-24 / 12 बैकुण्ठपुर, दिनांक 13.04.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत श्रेणी "द" एवं उससे ऊपर पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| 1 | पो.मैं आदि बालक छात्रावास खडगंवा में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 2 | पो.मैं आदि कन्या छात्रावास खडगंवा में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 3 | प्री.मैं आदि बालक छात्रावास जरौंधा में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 4 | प्री.मैं आदि कन्या छात्रावास चिरगी में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 5 | आदिवासी बालक आश्रम लकरापारा में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 6 | पो.मैं आदि बालक छात्रावास भरतपुर में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 7 | पो.मैं आदि कन्या छात्रावास भरतपुर में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 8 | प्री.मैं आदि बालक छात्रावास भरतपुर में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 9 | आदिवासी बालक आश्रम कमर्जी में गोबर पैंट कार्य | 2.00 |
| 10 | प्री.मैं आदि बालक छात्रावास देवाडांड में छत मरम्मत, बेड, दरवाजा एवं फर्श मरम्मत कार्य | 9.00 |
| 11 | आदि प्री.मैं बालक छात्रावास जरौंधा का जीर्णोद्धार कार्य | 12.90 |
| 12 | आदि क छात्रा सोस में कक्ष, खिड़की दरवाजा मरम्मत एवं अन्य जीर्णोद्वार कार्य | 10.00 |
| 13 | आदि प्री. मैं कन्या छात्रा उधनापुर में छत, टाईल्य, खिड़की दरवाजा एवं अन्य रूम का मरम्मत कार्य | 10.00 |
| 14 | आदि पो. मैं. कन्या छात्रावास जनकपुर में खेल मैदान समतलीकरण कार्य | 2.00 |
| 15 | प्री.मैं आदि बालक छात्रावास बडगांवकला में दरवाजा+खिड़की मरम्मत कार्य | 16.00 |
| 16 | प्री.मैं आदि बालक छात्रावास बहरासी में दरवाजा, खिड़की एवं फर्श मरम्मत कार्य | 2.00 |
| 17 | प्री.मैं आदि. बालक छात्रावास जनकपुर में फर्श, दरवाजा, खिड़की एवं विद्युत मरम्मत कार्य। | 2.00 |
| 18 | आदि. प्री.मैं. बालक छात्रावास कमर्जी में दरवाजा+खिड़की मरम्मत कार्य | 1.00 |
| 19 | आदि. प्री.मैं. बालक छात्रावास कुंवारपुर में फर्श, बिजली मरम्मत कार्य | 2.00 |
| 20 | आदि. प्री.मैं. बालक छात्रावास कंजिया में दरवाजा, खिड़की फर्श, मरम्मत कार्य | 1.00 |
| 21 | अनु. जाति प्री.मैं कन्या छात्रावास मनेन्द्रगढ़ में दरवाजा+खिड़की, टॉयलेट मरम्मत कार्य | 5.00 |
| 22 | अनु. जाति प्री.मैं कन्या छात्रावास नागपुर में दरवाजा+खिड़की, फर्श मरम्मत कार्य | 3.00 |
| 23 | प्री.मैं आदिवासी बालक छात्रावास बेलबहरा में नाली, बाण्उड्री रिपेयर कार्य | 3.00 |
| 24 | प्री.मैं बालक छात्रावास कछौड में दरवाजा+खिड़की मरम्मत कार्य | 1.00 |
| 25 | प्री.मैं. आदि. कन्या छात्रावास मनेन्द्रगढ़ में दरवाजा, खिड़की, टॉयलेट मरम्मत कार्य | 5.00 |
| 26 | प्री.मैं. आदि. बालक छात्रावास लालपुर में दरवाजा+खिड़की, फर्श, वाटर प्रुफिंग कार्य | 5.00 |
| 27 | आदिवासी बालक आश्रम खोंगापानी में दरवाजा+खिड़की मरम्मत कार्य | 1.00 |
| 28 | आदिवासी बालक आश्रम ताराबहरा में फर्श, टॉयलेट, दरवाजा, खिड़की, मरम्मत कार्य | 2.00 |

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक 24.04.2023 शाम 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक 25.04.2023
3. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक 26.04.2023 तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक 28.04.2023 दोपहर 12.00 बजे से

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया के कार्यालयीन सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य सरल क्र. 1 से 09, 14, 16, 17, 18, 19, 20, 24, 27, एवं 28 के 300.00 एवं शेष सभी निविदा प्रपत्रों का मूल्य 750.00

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास एम.सी.बी.

जी-00361/1


# आम लोगो की जिंदगी में बदलाव आए ऐसा हो सबका प्रयास : शर्मा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सुरजपुर।** छग राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा सुरेन्द्र शर्मा ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष महेन्द्र चन्द्राकर, संजय गुप्ता सदस्य, जनपद सदस्य बिहारी कुलदीप, अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सर्व प्रथम जिला सीईओ जिले के गौठानों में संचालित कार्यों की सामान्य जानकारी विभागवार दी।
अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने गोठानों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिस गौठान समितियों की बैठक करना आवष्यक है जिससे गौठानों में सक्रिय गतिविधियां संचालित होती रहे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिये है कि सरकार जो भी कोई भी योजना का क्रियान्वयन करने से पूर्व जनप्रतिनिधियों को बुलाना सुनिश्चित करें तथा उनके समक्ष योजना से संबंधित उपकरणों या सेवाओं की जानकारी दें एवं उनका फोटोग्राफ रायपुर मुख्यालय पहुंचाना सुनिश्चित करें। पशु विभाग से लक्ष्य अनुसार बधियाकरण की जानकारी लेते हुए उन्होंने बधियाकरण कार्य को दूगना करने एवं सुकर पालन, बकरी पालन, गाय पालन की जानकारी ली। मत्स्य विभाग से मछली पालन के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनको रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देष दिये। उप संचालक कृषि को वर्मी खाद को बढ़ावा देने तथा रासायनिक खाद की खपत को कम करने के साथ ही रासायनिक खाद विक्रेताओं दुकानों का मुआयना करने कहा खाद दुकानदार उचित दर पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराये। उपाध्यक्ष महेन्द्र चन्द्राकर ने एसडीएम रामानुजनगर को निर्देष देते हुए कहा कि नकल के साथ बंटवारा नामांतरण के प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकरण कराना सुनिष्चित करें। विवादित मामले तो न्यायलीन है उसमें समय लग सकता है। लेकिन जो अविवादित मामले है जैसे आय, जाति, निवास के प्रकरण को गंभीरता से समय सीमा में पूर्ण करे। उपाध्यक्ष ने हॉर्टिकल्चर विभाग से विभागीय जानकारी लेते हुए महिला समूह को अधिक से अधिक रोजगार मूलक कार्य उपलब्ध कराने तथा किसानों या जनसामान्य लोगों को पांच प्रकार के वृक्ष के पौधे जिसमें आम, अमरूद, लिची, चिकू, जामून तथा अन्य फलदार पौधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिससे सबके घरों पोषक तत्वों की पहुंच बन सके।



## समय पर करें अविवादित प्रकरणों का निराकरण : चन्द्राकर

उन्होंने विभागीय योजनाओं की पूर्ति समय सीमा में कराये जाने व हितग्राही मूलक योजनाओं के आदान सामग्री का वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कराये जाने के लिए निर्देश दिये। अध्यक्ष ने जिले के रीपा कार्य प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां अच्छा काम हुआ है। जिस लागत में काम हुआ है वह काबिल तारीफ है। छत्तीसगढ़ की कुल आबादी लगभग 96 प्रतिषत आबादी कृषक है। सरकार ने सभी क्षेत्रों के लिए योजनाए बनाई है। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना ऐसे कई योजनाए है। पिछले चार साल में धान की खेती में वृद्धि तो हुई लेकिन कही न कही हम दाल और तिलहन के क्षेत्र में पिछड़ रहे है। जबकि हमारे पूर्वज दाल व तिलहन के मामले में समृद्ध थे। किसानों को खेती के लिए बढ़ावा देना जरूरी है। लेकिन योजना के माध्यम इसको मूर्तरूप देने के लिए आप सब अधिकारियों का कर्तव्य है। आम लोगों की जिन्दगी में बदलाव लाने प्रयास हम सबका है। सरकार तो मदद करने के लिए तैयार है बात ये है कि यदि आप सरकार की मदद कर रहे तो आप अपनी मदद कर रहे।
बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम, संयुक्त संचालक कृषि रायपुर विनोद कुमार वर्मा, उप संचालक कृषि व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने गुरुवार को जनपद पंचायत रामानुजनगर के विभिन्न गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोठनों में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण इकाई, रीपा के तहत किये जा रहे अन्य कार्यों का अवलोकन किया।


## कार्यालय उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जिला बलरामपुर रामानुजगंज ( छ0ग0 )

Email ID : balrampurdda@yahoo-in phone/Fax: 07831-273072

क्रमांक / टी-2 / RIPA / 2022-23 / 98 बलरामपुर दिनांक 13.04.2023

### निविदा सूचना
### प्रथम आमंत्रण

एतद् प्रकासकीय स्वीकृति क्रमांक / 10072 / रीपा / जि.पं. / 2023 बलरामपुर दिनांक 31.03.2023 के माध्यम से महात्मा गांधी रॉयल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) अंतर्गत जिला बलरामपुर -रामानुजगंज जिला पंचायत निधि से कार्यालय को प्राप्त बटन से "दाल प्रसंस्करण यूनिट" मशीन एवं अन्य आवश्यक सामग्रीयां क्रय किए जाने के लिए कार्यालय उप संचालक कृषि बलरामपुर-रामानुजगंज की ओर से निर्माताओं व उसके अधिकृत विक्रेताओं को मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रु. 2000/-अक्षरीय रु. दो हजार मात्र/-नगद भुगतान (अनुरोध पत्र एवं GST पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत) कर निर्धारित प्रपत्र में निविदा प्रपत्र, संलग्न नियम व निम्न शर्तों के अवलोकन उपरांत दिनांक 12.05.2023 दिन शुक्रवार समय अपरान्ह 2:00 बजे तक रजिस्टर डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री अंतिम तिथि :- 13.04.2023 से 27.04.2023 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक
1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 12.05.2023 समय अपरान्ह 2:00 बजे तक
3. निविदा खुलने की अंतिम तिथि व समय :- 12.05.2023 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक

उप संचालक कृषि
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज

जी-00344/3

